CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 81,373.75 निफ्टी 24,716.60
सोना 99,415 चांदी 1,00,000

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 3 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 142 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बांग्लादेश ने करेंसी से पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# JEE एडवांस्ड: रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

## सक्षम जिंदल की दूसरी व माजिद मुजाहिद की आई तीसरी रैंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है।

कोटा से रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। रजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। वहीं तीसरे नंबर पर माजिद मुजाहिद हुसैन ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वहीं टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी। रजित के टॉपर आने के -शेष पृष्ठ दो पर



रजित गुप्ता



सक्षम जिंदल



माजिद मुजाहिद

■ पूरे देश में कोटा ने किया टॉप, रजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय मां-पिता को दिया

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** जेईई एडवांस्ड के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

# नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बढ़ाई जा रही परीक्षा केंद्रों की संख्या, जल्द आएगी नई तिथि

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की तैयारी के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2025) परीक्षा स्थगित कर दी है।

बोर्ड ने अभी तक संशोधित परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एनबीईएमएस को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा केंद्रों को सुनिश्चित करते हुए एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन करने के लिए, एनबीईएमएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने और अदालत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले 15 जून को यह परीक्षा आयोजित होने वाली थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि वे नीट-पीजी 2025 परीक्षा को एक पाली में आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें, यह सुनिश्चित करें कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए।

### सद्गुरु के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स एआई तकनीक के जरिये सद्गुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सद्गुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिल्कुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे।

# कोरोना के विकराल होते हालात पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

## देश में कोरोना से 24 घंटे में छह की मौत, अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

अदालत डा. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया। पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें। 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम -शेष पृष्ठ दो पर



■ 3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले

### दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 436 मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से 357 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 91 मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई।

# सिक्किम लैंडस्लाइड में तीन जवान शहीद

## तीनों के शव बरामद, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रविवार को रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

■ पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई

### राज्यसभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए असम और तमिलनाडु से आठ सीटों के 19 जून को कराए जाने वाले चुनाव की अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गई। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जाएगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

# कटरा-कश्मीर रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता



**जम्मू-कश्मीर** में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुए भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी खड्ड पुल पर पहुंच कर उसका भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बाद में कटरा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय श्री मोदी कटरा से श्रीनगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे।

■ पीएम मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खड्ड रेल पुल का उद्घाटन करेंगे

# चेन्नई: अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

महिला कोर्ट की जज एम. राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिसम्बर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसम्बर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था।

■ 30 साल जेल में रहना होगा

# इंडिगो विमान से पक्षी टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (एयरबस 320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आरआर मौर्य के अनुसार तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते। यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

■ बाल-बाल बचे 175 यात्री






# भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रही: मदनी

आजमगढ़, वार्ता



■ उलमा-ए-हिद अध्यक्ष ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताया

■ उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला

जमीअत उलमा-ए-हिद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार समाज में नफरत फैलाने की दिशा में काम कर रही हैं।

मौलाना मदनी ने रविवार देर रात 'मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' के तहत आजमगढ़ के सरायमीर कस्बे में मदरसा संचालकों को संबो. धित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी सरकार मदरसों पर कार्रवाई कर रही है। जिन मदरसों के कागजात ठीक है उन पर कार्रवाई अनुचित है, जिनके ठीक नहीं है उन्हें ठीक कराया जाए मदरसों में इल्म देने का काम किया जाता है। प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है, जिसे लेकर मुसलमानों में चिंता और भय वातावरण है। उन्होंने मदरसा संचालकों से कहा कि मदरसों को भी चलाने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ही मदरसे चलाएं।

मौलाना मदनी ने कहा कि मदरसों के खिलाफ कार्रवाई खासकर उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला है। जमीअत उलमा-ए-हिद उसके खिलाफ कानूनी संघर्ष कर रही है। यह बात इतिहास की पुस्तकों में दर्ज है कि अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने का संघर्ष उलमा ने ही शुरू किया था। यह उलमा मदरसों की ही पैदावार थे। यही नहीं दारुल उलूम देवबंद की स्थापना ही इसलिए की गई थी, ताकि अंग्रेघें के खिलाफ संघर्ष करने और देश को आजाद कराने के लिए कार्यकर्ता पैदा किए जाएं। जो लोग मदरसों के खिलाफ यह सब कर रहे हैं वो लोग मदरसों की भूमिका से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टियों को ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जो देश अमन चैन के लिए अच्छा ना हो। जो सरकार प्यार मोहब्बत के खिलाफ काम करती है, वह खराब सरकार है। जो लोग मदरसों को तोड़ रहे हैं वह गलत है। मदरसों को मौका देना चाहिए।

## नाबालिग दुष्कर्म मामलों की जवाबदेही तय करे बिहार सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और महिलाओं और खासकर बच्चियों के साथ आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए राज्य सरकार को चुप्पी साधने की बजाए इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुशासन काल चल रहा है। राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है और लगातार बच्चियों के यौन शोषण की घटनाएं सामने आ रही हैं और जवाबदेही मुख्यमंत्री की भी है इसलिए बिहार सरकार को इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी होनी चाहिए, लेकिन फांसी होती क्यों नहीं है, हम यही सवाल बार-बार पूछ रहे हैं।

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है: खुर्शीद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से हटकर दिया बयान

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा- जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं। यह दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। 1 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए। सलमान खुर्शीद जदयू सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं जो ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेशी दौरे पर हैं। उनका डेलिगेशन अभी तक इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर चुका है। फिलहाल मलेशिया में है। डेलिगेशन का मलेशिया दौरा बाकी है। ए 21 मई को रवाना हुआ था। इसमें भाजपा सांसद बृज लाल, प्रदान बरुआ, हेमंग जोशी और अपराजिता सारंगी, ज्डब सांसद अभिषेक बनर्जी, ब्च्प्ड सांसद जान ब्रिटास और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुद की तारीफ करने की जगह दुश्मन पर फोकस करना चाहिए। उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। पीएम या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है। सलमान खुर्शीद ने 1 मई को मलेशिया के कुआलालंपुर में कहा था। भारत का आल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में कार-ट्रक में टक्कर चार मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बारा. बंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबा के निकट सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में तीन पुरुष और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सभी कार सवार कानपुर से गोंडा जा रहे थे। घटना में नौ और 10 वर्ष के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में एक की पहचान 23 वर्षीय अयान कुरैशी के रूप में हुई है। वह गोंडा के इमामबाड़ा कोतवाली नगर का रहने वाला था। अन्य दो पुरुषों और एक महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर कर रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में सदा से ही अंतर रहा है। एक बार फिर से भाजपा ने इस बात को सिद्ध कर दिया है। भाजपा ने गरीब झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई है, तो मकान देने के बजाय उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर इन गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है।

### जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह से हड़कंप

**जम्मू।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम होने की एक फोन काल से रविवार शाम हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने आज सुबह यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जम्मू रेलवे स्टेशन पर बम या विस्फोटक होने की बात कही।

# मायावती ने चंद्रशेखर को लिया निशाने पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: आकाश को मुख्य कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बेचैनी स्वाभाविक

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है।

सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि आनंद बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनो का साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। लोग सावधान रहें।

## उप्र में संगठित अपराधों पर नकेल कसेंगे नवनियुक्त डीजीपी

# महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता: राजीव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी, संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

सूबे के पुलिस प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में कृष्णा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व करने का विश्वास जताने के लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं और यूपी पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीरो टॉलरेंस की नीति कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। कृष्णा ने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज़ सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। पुलिस प्रमुख ने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी और हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरे और वितरण में और सुधार किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में, हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहे।

### एआई उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा

**लखनऊ।** उन्होंने कहा कि लिसिग के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मी है। उनके कौशल और ज्ञान की पहचान की जाएगी और उपरोक्त सभी लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा, जिससे बल के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कृष्णा ने कहा कि पुलिसिंग के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआईद्ध का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

एआई हमारे उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे हम डेटा- संचालित उचित निर्णय लेने और अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है, जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। उनका प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े मजबूत रहने के बावजूद अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आठ समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.26 अंक उतरकर 81,373.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.10 अंक फिसलकर 24716.60 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,396.40 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 52,599.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4287 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में बिकवाली जबकि 2128 में लिवाली हुई, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 3014 कंपनियों के शेयरों में से 1402 में गिरावट जबकि 1529 में तेजी रही, वहीं 83 में टिकाव रहा। बीएसई में कुल आठ समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.18, ऊर्जा 0.13, आईटी 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.58, तेल एवं गैस 0.13, टेक 0.45 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, एफएमसीजी 0.65, यूटिलिटीज 0.57, रियल्टी 2.38 और सर्विसेज समूह 1.20 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 1.30, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक लुढ़ककर 81,214.42 अंक पर खुला और भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 80,654.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,474.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## नीतिगत दरों में हो आधी फीसदी की कमी

**नई दिल्ली।** बढ़ते संरक्षणवाद और भू राजनीतिक तनाव से उत्पन्न चुनौतियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आ रही सुस्ती को ध्यान में रखते हुए घेरलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और निर्यात को गति देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति से नीतिगत दरों में आधी फीसदी की कटौती करने की उम्मीद की जा रही है। मई 2022 के बाद फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में फिर से 0.25 प्रतिशत की कमी की गयी है। इन दो कटौतियों से आम लोगों विशेषकर आवास ऋण और नए व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण लेने वालों को राहत मिली है क्योंकि बैंकों ने कटौतियों के लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है।

अर्थ व्यापार

# अधिकांश खाद्य तेल महंगे, दालें हुईं सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए, जबकि दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3888 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेज़ी के साथ 47.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 366 रुपए, सोया रिफाइंड 147 रुपए और पाम ऑयल 146 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल 183 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, वहीं सरसों तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9100-9200, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 17215 रुपए, सोया रिफाइंड 15018 रुपए, पाम ऑयल 13773 रुपए और वनस्पति तेल 16007 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### पूर्वोत्तर में बाढ़ की तबाही चिंताजनक, भाजपा ने नहीं निभाया वादा: खड़गे-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किया गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

JEE **एडवांस्ड...** बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर है। अपनी सफलता पर रजित ने बताया कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था'। रजित कोटा के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 पर्सेंटाइल एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 16 हासिल की थी। रजित ने 10वीं कक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। रजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। डाउट्स क्लीयर होने के बाद ही वे टॉपिक में आगे पढ़ते थे।

**कोरोना के...** न रहने की बात कही गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता



■ विकसित भारत का संकल्प विकसित कृषि और समृद्ध किसान से पूरा होगा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के प्रसिद्ध और लोकप्रिय फल लीची पर शोध करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को इसके बेहतर दाम मिल सके।

चौहान ने सोमवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के पांचवें दिन बिहार के पूर्वी चंपारण में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। विकसित भारत का संकल्प, विकसित कृषि और समृद्ध किसान से मिलकर ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद किया जिसमें लीची के किसानों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है। इस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिए गए हैं जिससे लीची जल्दी खराब नहीं हो और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। उन्होंने इसके लिए 'कोल्ड स्टोरेज[ की संख्या में वृद्धि की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्का की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपए के बीच प्रति क्विटल मक्का बिकता था। इथेनॉल के कारण मक्के के दाम में वृद्धि हुई है। पहले जहां मक्का प्रति हेक्टेयर 23 से 24 क्विटल था वहीं बढ़कर अब 50 से 60 क्विटल प्रति हेक्टेयर हो गया है। बासमती चावल के साथ-साथ चावल की अन्य किस्मों में भी उत्पादन वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों को शोध करने एवं उन्नत किस्म के बीज विकसित करने के निर्देश देते हुए श्री चौहान ने कहा कि बिहार में किसानों के पास छोटे-छोटे खेत है, लेकिन इसके बावजूद बिहार के किसान धरती से सोना उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर एनसीईआरटी की नकली किताबें छापकर बाजार में बेचने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार आदि राज्यों में नकली किताबों को बेचते थे।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये की एनसीईआरटी की 1.33 लाख नकली किताबें, हरियाणा में लगी दो प्रिंटिंग मशीन और लगभग सवा करोड़ का कच्चा माल और दो लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। इस गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। यह गिरोह कक्षा 9 के कक्षा 12 तक किताबें छापते थे। पुलिस ने खतौली के गांव भैंसी में गोदाम पर भी छापा मारते हुए यहां सील लगा दी है। पुलिस ने इस बात की भी जांच शुरू कर दी है यह गोदाम किसका है और यहां किताबें लाकर कौन रखता था।

## इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

1. आदिल मेवाती
2. अनिल चौहान
3. राहुल राणा
4. राजू शर्मा
5. ताराचन्द
6. सतेंद्र सिंघल
7. जावेद
8. अमित सैनी

पुलिस ने गोदाम और पानीपत में दो प्रिंटिंग प्रेसों को सील कर दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हरियाणा के गांव समालखा व पानीपत में दो प्रिंटिंग प्रेस लगा रखी हैं, जहां नकली किताबों को छापा जाता था।

### 'इनाम की घोषणा'

**एडीजी** मेरठ जोन भानू भास्कर ने नकली एनसीईआरटी की किताबें पकड़ने वाली टीम को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी संजय कुमार ने टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### गिरोह का नेटवर्क'

एनसीईआरटी की नकली किताबों के साथ पकड़ा गया पूरा गिरोह मेरठ जनपद का रहने वाला है। इस गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार व अन्य राज्यों में फैला हुआ है। पुलिस पकड़े गए गिरोह से पूछताछ के बाद अब स्कूलों व बुक डीलरों की भूमिका को लेकर भी जांच करेगी।

# प्रेम प्रसंग मे खाया जहर युवती की मौत युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया। किन्तु उसकी मौत हो गई, वहीं प्रेमी भी अस्पताल मे भर्ती बताया गया है।

घटना को लेकर क्षेत्र मे सनसनी फैल गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने रविवार की सुबह विषैले पदार्थ का सेवन उस समय कर लिया जब युवती के परिजन खेतों में काम करने के लिए गए हुए थे जहरीले पदार्थ के सेवन से युवती की हालत बिगड़ने पर आस पड़ोस के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया सूचना पर मौके पर युवती के परिजन भी पहुंच गये। हालत मे सुधाार होने पर परिजन युवती को घर ले आये कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर युवती को पुनरूअस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार युवती की शादी एक माह पूर्व गैर जनपद हुई थी। मामला प्रेम प्रसंग से जुडा बताया जा रहा है। वहीं जहर का सेवन करने वाले क्षेत्र निवासी युवक भी अस्पताल मे भर्ती बताया जा रहा है। युवक गैर जाति का बताया जा रहा है। प्रेमी युगल के द्वारा जहर का सेवन करने व प्रेमिका की मौत को लेकर सनसनी फैल गई है।

# कांग्रेस ने शुरू की उम्मीदवारों की खोज

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। एक मीटिंग कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई मीटिंग में कोडिनेटर सुधीर कुमार एड. एवं चितवन शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि ने संगठन सर्जन की मीटिंग में भी कई प्रस्ताव पास किए जिसमें मुख्य रूप से कहा कि अगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन बनाना है तथा जो सदस्य चुनाव लड़ना चाहते है वो सभी सदस्य अपना बायो डाटा लाकर कचहरी रोड गांधी आश्रम के सामने कैम्प कार्यालय कांग्रेस पार्टी के ऑफिस में जमा करा दें। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह कटारिया तथा नगर अध्यक्ष रंजन मित्तल आदि मौजूद रहे।

# पुष्पांकर को मिली बसपा जिलाध्यक्ष की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बसपा में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जिलाधयक्ष बदला गया है। सहारनपुर मंडल कार्डिनेटर की जिम्मेदारी संभाल रहे पुष्पांकर पाल को अब जिलाधयक्ष बनाया है, जबकि मंडल कार्डिनेटर की जिम्मेदारी आनंद प्रकाश का दी है। पार्टी कार्यालय पर जिलाधयक्ष का कार्यकर्ताओं व समाज के लोगों ने स्वागत किया।

बसपा की राष्ट्रीय अधयक्ष कुमारी मायावती ने पिछले दिनों प्रदेश की जनपद स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक ली थी। इसमें मुजफ्फरनगर से भी पदाधिकारी गए थे। इसके बाद मुजफ्फरनगर में जिलाधयक्ष सहित कई पदों पर फेरबदल कर दिया गया। रविवार शाम रविंद्र गौतम की जगह पुष्पांकर पाल को जिलाधयक्ष बनाने की घोषणा हुई। इसके बाद सोमवार को महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई, जिसमें सहारनपुर मंडल कोंडिनेटर आनंद प्रकाश ने उनके जिलधयक्ष बनने की घोषणा कर नियुक्त पत्र सौपा। इसके साथ अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा हुई। मंडल कोर्डिनेटर आनंद प्रकाश ने बताया कि पुष्पांकर पाल को जिलाधयक्ष बनाने के साथ सत्यप्रकाश को उपाधयक्ष, प्रेमचंद्र गौतम को जिला महासचिव, इंतजार राना को जिला सचिव, सुशील शर्मा को कोषाधयक्ष, इरशान त्यागी व सेवा राम कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।



मुजफ्फरनगर। नए जिलाध्यक्ष का स्वागत करते बसपा कार्यकर्ता।

# चोरों ने चौदह ट्यूबवैल पर चोरी कर फैलाई सनसनी

**एक दर्जन से अधिक किसानों का हुआ लाखों का नुकसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव कमहेड़ा के जंगल मे चोरो ने एक दर्जन से अधिाक ट्यूबवैल पर चोरी की घटनाओ को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है।

चोरी की घटनाओं से गुस्साए किसानो ने पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी किसान आसिफ, हिफजुर्रहमान, हुसैन अहमद, इमरान, जफरा, गुलफाम, मुंतियाज आदि ने बताया कि शनिवार रात चोरों ने गांव के जंगल में स्थित चौदह किसानों के नलकूपों की दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरो ने वहां से मोटर, स्टार्टर व केबल आदि कीमती सामान चोरी किया है। रविवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो नलकूपों की दीवार टूटी मिली व सामान खुर्द-बुर्द मिला। पीड़ित किसानों ने पुलिस को सूचना देकर सामान बरामद करने की मांग की है। वहीं पूर्व प्रधाान गुलफाम, नवाजिश, नजर मोहम्मद, मरगूब, रोहि. हल, जीशान, शाहनजर ने बताया कि कम्हेड़ा में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पिछले महीने किसान नवाबुद्दीन के घेर में खड़े ट्रेक्टर से अज्ञात चोरों ने बड़ी बैट्री चोरी कर ली थी तथा ब्लैकआउट का फायदा उठाकर नवाब अली के मुर्गी फार्म से दो बैटरे, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर, तौल कांटा आदि कीमती सामान चोरी कर लिया था। चोरों ने कुछ समय पहले खेड़ी फिरोजाबाद के रास्ते पर लगा 250 किलोवाट का विद्युत ट्रांसफार्मर भी चोरी किया था। जिसका आज तक कुछ पता नहीं चल सका। कम्हेड़ा चौकी क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय है तथा पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। ग्रामीणों ने चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है।



मुजफ्फरनगर। डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता।

# सफाई कर्मचारी महासंघ ने दी हड़ताल की चेतावनी

## ईओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कर्मचारियों के हितों से जुड़ी 17 मांगों को लेकर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने ईओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसमें पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर कोई भी निर्णय नहीं लेने और एडीएम प्रशासन को नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भ्रमित करने वाले रवैये पर नारा. जगी जताते हुए महासंघ कामबंद हड़ताल की चेतावनी दी। सोमवार को सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाधयक्ष चमन लाल ढिंगान के नेतृत्व में सफाई कर्मी और वाल्मीकि समाज के लोग टाउन हाल स्थित ईओ कार्यालय पर पहुंचे और अपनी मांगों



के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन कर्मचारियों के हितों को लेकर संवे. दनशील नहीं है। चमन लाल ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि पूर्व में उनके संगठन की ओर से ही सफाई कर्मचारियों के हितों को लेकर 17 सूत्री मांग पत्र 15 मई को सौंपा गया था। इसके बाद एडीएम प्रशासन को भी एक मांग पत्र दिया गया। कर्मचारियों की कामबंद हड़ताल और प्रदर्शन आदि निर्णय लेने के लिए बाधय होगा। इस दौरान चमनलाल ढिंगान, सागर वाल्मीकि, देवी प्रसाद, सूरज कुमार, प्रवीण मचल, पालेराम, बिल्लू, नंद किशोर, सफाई नायक दीपक, दिलनवाज, काजल सौदाई, राकेश ढिंगान, रजनीश, वेदू भगत, दीपक झा, कुमार गौरव, रमेश वेद, राहुल कुमार, राजेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## एकता विहार गेट के विरोध में भाकियू ने टाउन हॉल घेरा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के बैनर तले एकता विहार के लोग टाउन हॉल पहुंचे और कॉलोनी में बनाये गये अवैधा मुख्य द्वार को धवस्त कराये जाने की मांग को लेकर हंगामा किया। उन्होंने ईओ कार्यालय का घेराव करते हुए अंदर ही धारना शुरू कर दिया और कुछ कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी को घेरकर उसके आगे खड़े होकर प्रदर्शन किया। इस बीच ईओ ने प्रदर्शनकारी लोगों से वार्ता करते हुए भरोसा दिलाया कि 15 जून तक अवैधा गेट को धवस्त कराने का काम कर लिया जायेगा। भारतीय किसान यूनियन तोमर के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा विंग अधयक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार को टाउनहाल पहुंचे तथा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के कार्यालय में घुसकर फर्श पर बैठकर नारेबाजी करते हुए धारना शुरू कर दिया। इस दौरान ईओ सभागार में एक कार्यक्रम में थी। कुछ कार्यकर्ता नीचे उनकी गाड़ी के सामने घेराव करते हुए धारने पर बैठ गये।

# दरोगा ने मांगा भाजपा नेता से एसी, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ दुव्यवहार होने के मामले आय रोज सामने आ रहे है। एक माह के भीतर पुलिस द्वारा की गई मनमानी के कई मामले अधिकारियों तक पहुंचे है। ताजा मामला शहर के हनुमत मंडल के मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल से संबंधित बताया गया है।

दीपक मित्तल मुजफ्फरनगर में बीजेपी के संस्थापक सदस्यों में रहे नाथीराम मित्तल के पुत्र है। बताया जाता है कि दीपक मित्तल दो परिवारों में हुए विवाद को लेकर शहर कोतवाली की चौकी आबकारी पर गए थे, उन्होने घंटेभर दोनों पक्षों में फैसला कराने में महनत की। बताया जाता है कि दोनों पक्ष समझोते के लिए राजी हो गए लेकिन चौकी प्रभारी राजकुमार शर्मा ने यह फैसला नहीं माना। आरोप है कि चौकी प्रभारी राजकुमार शर्मा ने घर पर एक एसी लगवाने की बात कही, और कहां कि यह मामला खत्म हो जाएगा।

इस मामले को लेकर मंडल अध्यक्ष प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री और नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल और जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं को जानकारी दी। कपिल देव अग्रवाल से मीडिया ने जब इस विषय में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है और इस पर जल्द ही प्रभावी कार्रवाई होगी। बता दे कि एम माह के भीतर इस तरह के करीब तीन मामले सामने आ चुके है।

# कोर्ट ने दिए 30 दिन के अंदर ठेकेदार का भुगतान करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्पफरनगर।** शहर के मोहल्ला सुथराशाही निवासी एक ठेकेदार को करीब

27 साल बाद कोर्ट से न्याय मिला है। बकाया भुगतान को लेकर चली आ रही लड़ाई में ठेकेदार को जीत मिली है। कोर्ट ने नगर पालिका को 30 दिन के अंदर ठेकेदार को एक लाख 84 हजार 547 रुपये का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

रुड़की रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में नगर पालिका के ठेकेदार परमेश कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि वह वर्ष 1998 तक नगर पालिका परिषद् में पंजीकृत ठेकेदार रहे हैं। उन्होंने पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद शर्मा के कार्यकाल में काम किया गया है। इसके लिए एक मई 1998 को उन्होंने पालिका से बिल प्रस्तुत करते



हुए अपना 184547 रुपये का बकाया भुगतान मांगा, लेकिन पालिका से भुगतान नहीं हो पाया। पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन से कोई राहत न मिलने पर परमेश ने 27 फरवरी 2001 को सिविल जज जूनियर डिविजन न्यायालय में पालि. काध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और प्रभारी अधिकारी निकाय के खिलाफ वाद संख्या 144 दायर कर दिया। परमेश ने बताया कि 28 मई 2025 को न्यायाधीश भुवन द्वारा अपना फैसला सुना दिया गया है। न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर उनकी शिकायत को सही माना और नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारी निकाय को आदेशित किया गया है कि वो एक माह के भीतर वर्ष 1998 से बकाया उनका भुगतान 184547 रुपये अदा करने का काम करें। परमेश के अनुसार कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि उनके मूल भुगतान राशि 184547 रुपये पर पालिका द्वारा उन्हें 01 मई 1998 से वाद दायर करने की तिथि 27 फरवरी 2001 तक 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ ही मूल भुगतान राशि पर वाद दायर करने की तिथि से भुगतान करने की तिथि तक छह प्रतिशत वार्षिक दर से क्षतिपूर्ति की राशि का भी भुगतान किया जाये।

# पानीपत-खटीमा हाइवे पर मुझेड़ा टोल प्लाजा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पानीपत।** खटीमा राजमार्ग पर मुझेड़ा टोल प्लाजा पर सोमवार से वाहनों से टोल शुल्क वसूला जाना शुद्ध हो गया है। टोल शुल्क वसूलने का ठेका मुंबई की इन्द्रदीप इंफ्रा कंपनी को दिया गया है, जिसे 10.53 लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से टोल वसूलने का टेंडर मिला है। टोल प्लाजा के मैनेजर आकाश चौधारी ने बताया कि टोल शुल्क की दरें निम्नलिखित हैं।

कार-जीप व निजी हल्के वाहन) एक तरफ 60 रुपये, आना-जाना 90 रुपये

हल्के व्यापारिक वाहन व मिनी बस) एक तरफ 100 रुपये, आना-जाना 145 रुपये

बस व ट्रक (टू-एक्सलेस) एक तरफ 205 रुपये, आना-जाना 310 रुपये

बस व ट्रक (टू एक्सलेस से अधािक) एक तरफ 225 रुपये, आना-जाना 335 रुपये

एससीएम, इएमई, एमएवी 4 से 6 एक्सलेस तक) एक तरफ 320 रुपये, आना-जाना 485 रुपये

अतिरिक्त साइज वाहन) एक तरफ 390 रुपये, आना-जाना 590 रुपये इसके अलावा, टोल प्लाजा से 20 किमी तक के गांवों के लिए मासिक पास की सुविधाा भी उपलब्धा है, जिसमें 350 रुपये में एक महीने तक कितनी भी बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। टोल प्लाजा के शुद्ध होने से स्थानीय नागरिकों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन टोल प्लाजा के मैनेजर ने उन्हें मासिक पास बनवाने की सलाह दी।

# सपा की बैठक में प्रभारी ने दिया बूथ मजबूती का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्पफरनगर।** जिलाध्यक्ष जिया चौधरी पूर्व सांसद कादिर राणा प्रदेश सचिव विनय पाल ने सक्रियता एकजुटता का किया आ]वान'

मीरापुर/मुजफ्फरनगर समा. जवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा की समीक्षा बैठक के अंतर्गत मीरापुर विधानसभा की समीक्षा बैठक लव पैराडाइज बैंक्विट हॉल मोरना में जिला अध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता वह विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान के संचालन में संपन्न हुई। मीरापुर विधानसभा के जॉन, सैक्टर, विधानसभा,ब्लाक व नगर कार्यकारिणी तथा प्रमुख पदा. धिकारियों को संबोधित करते हुए प्रभारी व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि वंचितों दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के साथ जिसके भी अधिकारों का भी हनन किया जाए चाहे वह कोई जाति वर्ग हो उसकी आवाज बनना व भागीदारी देना ही समाजवादी पार्टी की पहचान है।

रोजगार देने महंगाई रोकने महंगी बिजली किसानों की फसल का उचित दाम देने जैसे वादे हवा हवाई बन गए है। बैठक मे मुख्य रूप से जिला महासचिव विकिल गोल्डी अहलावत सपा अल्पसंख्यक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना नजर मोहम्मद, सपा नेता सैयद अली अब्बास काजमी, सपा नेता अजीम जैदी जिला मोरना प्रधान सर्वेंद्र राठी जिला पंचायत सदस्य हाजी मूसा चौधरी अजय कुमार जिला सचिव इमरान अली,रजनीश यादव ब्लॉक अध्यक्ष ख्रष्ण पाल प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष,महेंद्र सिंह सैनी प्रधान, नगर अध्यक्ष मीरापुर ऐश मोहम्मद मेवाती,काजी अफजल नगर अध्यक्ष भोकरहेड़ी डॉ अली शेर अंसारी जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, सरदार प्रेम सिंह, रविकांत त्यागी डॉ नबी सीकरी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालेंद्र मौर्य, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शाहिद रूडकली, डॉक्टर इकबाल, राशिद मलिक, हाजी गुफरान तेवड़ा, बाबू डायरेक्टर, डॉ शहमत अली, पप्पू ठाकुर, इमलाक प्रधान,शमीम अब्बासी, सपा नेता शाह रजा नकवी प्रधान,हुसैन राणा,जुबेर अंसारी, मेहरबान अली, तनवीर आलम,मौ अब्दुल आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर। प्रचार वाहन को झंडी दिखाते डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष।

# दंपति का झगड़ा निपटाने रेस्टोरेंट गए थे सभासद

**सभासद ने मीड़िया को खुद दी सफाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के एक सभासद रेस्टोरेंट में दंपत्ति का झगड़ा निपटाने के लिए गए थे। यह बात सभासद ने खुद ही बुढ़ाना मे स्थित अखबार के कार्यालय पर आकर कही और बताया कि उनके वार्ड की एक महिला का अपने पति से मनमुटाव चल रहा था।

तब महिला के परिजन उनके घर पर आए और सभासद होने के नाते उन्हें दंपति का फैसला कराने को कहा तो वह उक्त महिला को समझाने के उद्देश्य से ही रेस्टोरेंट पर गए और महिला और उसके पति को बुलाकर दोनों की सुलह कराने लगे तो वहां दोनों में फिर से किसी बात को लेकर खूब बहस हो गयी तो महिला रेस्टोरेंट के बाहर आकर अपने पति के विरुद्ध फिर से हंगामा करने लगी तो उन्होंने उसको समझा बुझाकर शांत किया व उसके परिजनों को फोन कर मौके पर बुला लिया। सुलह नहीं होने पर पति बैरंग लौट गया जबकि महिला को उसके परिजन अपने घर ले गए। प्रेमी प्रेमिका का कोई चक्कर नहीं है। किसी व्यक्ति ने उनको बदनाम करने के उद्देश्य से ही गलत अफवाह फैला दी लेकिन सच ये ही था कि वे रेस्टोरेंट में महिला पक्ष के बुलावे पर ही गए थे क्योंकि महिला का पति महिला के घर पर नहीं आना चाह रहा था और वो मीटिंग भी उक्त रेस्टोरेंट पर उसके पति के कहने पर ही रखी गयी थी।

## अमीन संघ ने खोला कानूनगो के खिलाफ मोर्चा

# उत्पीड़न, रिश्वत और मानसिक प्रताड़ना के लगाए गंभीर आरोप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली में अमीन संघ और कानूनगो के बीच टकराव गहराता जा रहा है। अमीन संघ ने कानूनगो पर उत्पीड़न, श्वितखोरी और मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध का बिगुल फूंक दिया है। सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संघ की बैठक में कर्मचारियों ने कानूनगो के खिलाफ जमकर नारा. जगी जताई और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

सोमवार को खतौली तहसील में जिले और खतौली सँग्रह अमीन संघ की बैठक तहसील सभागार में आयोजित की गई जिसमें सभी अमीन संघ ने खतौली तहसील में तैनात कानूनगों जगदीश प्रसाद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुय गम्भीर आरोप लगाए। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अमीनों को चार से पांच क्षेत्र का कार्यभार देकर जबरन मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।

इस अतिरिक्त कार्यभार के चलते अमीनों में भारी असंतोष और तनाव का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि कानूनगो बनने के बावजूद संबंधित अधिकारी डब्लूबीएन की जिम्मेदारी भी खुद निभा रहे हैं, बैठक में मांग उठाई गई कि कानूनगो को तत्काल डब्लूबीएन की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार व उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज की जाए। अमीन संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ, तो वे अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। संघ का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे कर्मचारी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अमीन संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि इस कानूनगों के उत्पीड़न के कारण खतौली तहसील में तैनात दो अमीनो अनिल शर्मा और रामकेश गुज्जर भी मानसिक तनाव झेल रहे है।

बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, तहसील अध्यक्ष खतौली नरेश त्यागी, तहसील अध्यक्ष सदर मुनव्वर हसन, तहसील अध्यक्ष बुढ़ाना प्रमोशन सैनी, तहसील अध्यक्ष जानसठ मनमोहन सिंह, प्रांतीय ऑडिटर उत्तर प्रदेश हसन इमाम, राकेश कुमार, सुरेश पाल जिला महामंत्री, जानसठ तहसील से सतीश कुमार, सुनील चौधरी, नवीन कुमार, मोहित, नीरज शर्मा, कुलदीप चौधरी, रामकिशोर, प्रहलाद,अजय गर्ग, बुढाना से प्रमोद, महेंद्र सेन, राकेश, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन पर भी उठे सवाल

बैठक में वक्ताओं ने यह भी सवाल उठाया कि आखिरकार क्यों शिकायतों के बावजूद प्रशासन कानूनगो पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। यह पूरे सिस्टम की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

कर्मचारियों की एकजुटता से बढ़ी प्रशासन की चिंता

अमीन संघ की इस आक्रामक रणनीति और एकजुटता को देखकर प्रशास. निक अधिकारियों में भी हलचल बढ़ गई है। माना जा रहा है कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो तहसील का राजस्व कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

## सिंचाई की नाली को खुर्दबुर्द कर किसान के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव खुजेड़ा मे सिंचाई की नाली को खुर्द बुर्द कर किसान के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेड़ा निवासी महताब अली ने बताया की गांव के जंगल मे उसके खेत हैँ। सिंचाई विभाग द्वारा पानी की नाली बनाई गयी है। महताब के खेत से पहले दोनों अन्य किसानो के खेत पड़ते हैँ। आरोप है की दोनों किसानो ने नाली को खुर्द बुर्द कर लिया। महताब को जब यह जानकारी मिली तो रविवार की शाम वह अपने खेत पर गया और नाली को खुर्द बुर्द पाया जिसमें आरो. पियों द्वारा गन्ना की फ़सल को उगा दिया गया। विरोध करने पर आरो. पियों द्वारा मारपीट की गयी। पीड़ित ने आरोपियों से जान को खतरा जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# तकनीकी व्यवहारिक ज्ञान जरूरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर प्रबंधन विभाग में हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के प्रबंधन विभाग (एम बी ए) में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें अतुल कुमार (असिस्टेंट मैनेजर) द्वारा Decode] Deliver] Dominate Cracking The Career Code पर छात्रो को सम्बोधित किया गया। जिसमें छात्रो ने ओनरशिप, पर्सनल ब्रांड, वैल्यू क्रिएशन, कन्सिसटेन्सी को विस्तार से समझा, एवं विभिन्न कौशल विकास से सम्बन्धित तकनीकी की जानकारी प्राप्त की।

छात्रों ने व्यापार की नई स्थापना एवं उनसे जुडी हुई कई चुनौतियों के विषय मे जानकारी प्राप्त की, तथा उनसे जुडी हुई रणनीति बनाने की प्रक्रिया को समझा। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में अपने संदेह एवं सुझावों को भी साझा किया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के प्रबंधन विभाग के डीन डा0 सौरभ मित्तल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रबंधन विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना की एवं बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन डॉ निवेदिता चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कई उदाहरणो के माध्यम से सभी विद्यार्थियो को सफलता की कुंजी के विषय में बताया कि आज के आधुनिक युग में पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना भी आवश्यक है इस अवसर पर छात्रों ने बिना किसी झिझक के कई प्रश्न पूछे। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबन्धन विभाग के विभागाध्यक्ष द्धएम0बी0ए0ऋ पंकज कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमो से महाविद्यालय के छात्रो के मन में अपने भविष्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। इस कार्यक्रम में व्यवसाय एवं प्रबन्धन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ विवेक कुमार त्यागी का विशेष योगदान रहा।

## कम वोल्टेज को लेकर एक्सईएन ने लिखा पत्र

**बुढ़ाना।** विद्युत एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बुढ़ाना क्षेत्र में बिजली के कम वोल्टेज आने के बारे में शामली जिले में स्थित विद्युत पारेषण खंड कंडेला के एक्सईएन को पत्र लिखते हुए बताया कि 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्र जौला, खरड़, पूरे से 33 केवी के स्थान पर 30 केवी वोल्टेज मिल रहे हैं। इस खंड के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उप केन्द्र बुढाना टाउन पर तैनात जेई मनोज कुमार द्वारा उन्हें बताया गया है कि वर्तमान में 132 उप केन्द्र जौला से 33 केवी के स्थान पर वोल्टेज 30 केवी तक ही आ रहे हैं। जिससे 11 केवी आउटगोइंग फीडरों पर 10 केवी से भी कम वोल्टेज मिल रहे हैं। उसी अनुपात में उपभोक्ताओं के परिसरों में वोल्टेज 180 वोल्ट तक कम आने की शिकायत मिल रही है। इसी तरह की समस्या सब उप केन्द्रों पर आ रही है। 132 केवी पूरा एवं 132 केवी खरड़ से भी ऐसी सूचना मिली है। इन स्थिति में उपकेन्द्रों पर स्थापित पावर परिवर्तक व विभिन्न वितरण परिवर्तक के लो वोल्टेज के कारण क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है एवं तार टूटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिससे उपभोक्ताओं में रोष है। इसलिए आप अपने सब 132/33 केवी उप केन्द्रों जौला, खरड़ व पूरे से मानक अनुरुप 33 केवी वोल्टेज प्रदान करा दें जिससे इस समस्या का निवारण हो।

## इंडियन एकेडमी पब्लिक स्कूल का रिजल्ट हुआ आउट

### छात्रा आयशा कुरैशी ने किए सर्वाधिक अंक प्राप्त

**बुढाना।** इंडियन अकेडमी पब्लिक स्कूल नई बस्ती मे विद्यालय का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमे सभी बच्चों ने अपनी मेहनत का परिचय देकर अच्छे नंबर लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय मे हर कक्षा मे प्रथम, द्वितीय और थर्ड पोजीशन के बच्चे निकाले गए। जिसमे यूकेजी कक्षा की छात्रा आयशा कुरैशी शहज़ाद ने स्कूल मे सबसे ज्यादा नंबर लाकर स्कूल टॉप किया और स्कूल का नाम रोशन किया। जिससे आयशा के परिवार और बस्ती वालो मे खुशी का माहौल देखने को मिला। इससे खुश होकर परिवार ने बस्ती और स्कूल मे मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट आबाद कुरैशी, प्रिंसिपल सूरज सैनी और स्कूल के समस्त स्टॉफ ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया और भविष्य मे और मेहनत लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बीते सन 2002 से इंडियन अकेडमी पब्लिक स्कूल लगातार बच्चों की पढ़ाई पर मेहनत करता



आ रहा। जिसका रिजल्ट हर साल 100 प्रतिशत रहता है। भविष्य मे अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए इंडियन अकेडमी मे पढ़ाई के साथ साथ हर तरह के खेलो पर भी ध्यान दिया जाता है। जिससे कि बच्चों की शारीरिक शिक्षा भी पूरी तरह से बेहतर हो सके।

# खतौली स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

- नगरवासियों ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सोमवार को नगरवासियों ने एकजुट होकर स्टेशन मास्टर को भारत सरकार रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

लोगों ने कहा कि खतौली की आबादी और औद्योगिक-सामाजिक महत्त्व को देखते हुए यहां एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज होना अत्यंत आवश्यक है। नगर वासियों के साथ साथ स्टेशन मास्टर ने भी अपनी सहमति दर्ज कराई। नगरवासियों ने स्टेशन मास्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मेरठ जिले के




सकौती रेलवे स्टेशन पर मात्र 5 हजार की आबादी होने के बावजूद एक ही दिन में छह ट्रेनों का ठहराव कर दिया गया, जबकि खतौली कस्बा जिसकी जनसंख्या करीब डेढ़ लाख है लोगों ने बताया कि खतौली में एशिया की सबसे बड़ी शुगर मिल, तीन डिग्री कॉलेज, दर्जनों पब्लिक स्कूल, तहसील, ब्लॉक, सीएचसी, बीआरसी, नगर पालिका सहित कई सरकारी कार्यालय स्थित हैं। यहां हजारों कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं, जो देश के विभिन्न शहरों से प्रतिदिन आवागमन करते हैं। व्यापारी वर्ग भी दिल्ली, हरिद्वार सहित अन्य महानगरों की यात्रा के लिए ट्रेन पर निर्भर है, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों के न रुकने से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

नगरवासियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की कि खतौली रेलवे स्टेशन पर कम से कम छह प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों नई दिल्ली जालंधर सिटी, कलिंगा उत्कल, सहारनपुर मेमू, बांद्रा, स्वर्ण मंदिर, उज्जैन, इंदौर एक्सप्रेस, देहरादून शताब्दी, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और क्षेत्र के विकास में भी सहयोग हो।

**Name Change**

I SAWAN S/O SUDHEER KUMAR R/O VILLAGE MAANDI, P.S. TITAWI, DISTT, MUZAFFARNAGAR UP have changed my name to SAWAN KUMAR

# ईद उल अजहा को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली प्रांगण में सोमवार को ईद उल अजहा को लेकर पीस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बुढाना एसडीएम राजकुमार भारती और सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने ईद के त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में मुस्लिम समाज के काफी लोगों ने भाग लिया।

यहां पर दोनों अधिकारियों ने कुर्बानी को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। जैसे खुले में कुर्बानी न करने, सड़कों पर अवशेष न डालने और कुर्बानी की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की सलाह दी गई। बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने कहा कि सभी समाज के



लोग गंगा-जमुनी तहजीब के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की है कि वे त्योहार मनाते समय अन्य धर्म के लोगों का भी ध्यान रखें और साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। ईओ आलोक रंजन ने कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार 3 दिन तक मनाया जाता है जो 7 जून को शुरु हो रहा है। इन तीनों दिन नगर पंचायत लगातार 72 घंटे पानी की व्यवस्था को सुचारू रखेगी और सुबह से ही मस्जिदों के आसपास साफ सफाई और कली चूने का छिड़काव कराया जाएगा। कुर्बानी के दिन नालियों में बहने वाले खून के उपर हरे रंग का पाउडर नालियों में डालने को दिया जाएगा। बिजली भागने पर जेनरेटर की व्यवस्था की जाएगी। पशुओं के अवशेष के लिए बड़े ग्ले खोदे जाएंगे ताकि अवशेष सड़कों पर न दिखें। यहां ईदगाह कमेटी बुढ़ाना के प्रबंधक तोसीफ राही, जमियत उलेमा हिंद के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला मीडिया प्रभारी मुहम्मद आसिफ कुरैशी, सभासद गुलफाम खान, सभासद इमरान कुरैशी, सभासद नसीम मियां, सभासद राशिद भूरु, बाबा मोमीन हसन जौला सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## इद-उल-अज़हा की नमाज़ के समय की घोषणा, शान्ति पूर्वक मनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आगामी शनिवार को इदुलजुहा का पर्व मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैँ। भोकरहेड़ी मे धार्मिक विद्वानो ने मीटिंग कर ईदुलजुहा की नमाज़ के समय को निर्धारित करते हुए त्यौहार को शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की है।

कस्बा भोकरहेड़ी स्थित मदरसा इजहारूल उलूम के उपप्रबंधक मौलाना फरमान ने जानकारी देकर बताया की कस्बे की मस्जिदों के इमाम हज़रात व मदरसों के ज़िम्मेदार व्यक्तियों की एक मीटिंग ईदुल अजहा की नमाज के समय को लेकर की गयी थी। शनिवार की सुबह 6रू30 बजे ईदुल अजहा की नमाज कस्बा स्थित ईदगाह मे अदा की जायेगी। जिसकी घोषणा सभी मस्जिदों मे की जायेगी। त्यौहार को शान्ति पूर्वक मनाने मे प्रशासन का सहयोग करने, कुरबानी के दौरान पूर्ण रूप से स्वच्छता अपनाने,प्रतिबंधित जानवरो की कुरबानी ना करने, ईदगाह मे जाने के लिए अनावश्यक रूप से वाहनो का प्रयोग करने,वाहनों के हॉर्न तेज न बजाने, रास्तो व मुख्य चौराहों पर खडे न होकर उचित आदर्श स्थानों पर बैठने व कुरबानी के जानवरो को लेकर अनावश्यक बहस आदि न करने की अपील आवाम से की जा रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े मदरसे कासिमुल उलूम तेवडा के प्रबंधक मुफ़्ती बिन यामीन ने बताया की तेवडा ईदगाह मे ईदुल अजहा की नमाज शनिवार की सुबह 6:45 पर अदा की जायेगी। त्यौहार को पुर सकून माहौल मे मनाये।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा बेटा आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा जो अपना अच्छा बुरा समझने में सक्षम है, मेरे पुत्र आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है इसलिए आज दिनांक 02.06.2025 को मैने व मेरे परिवार ने मेरे पुत्र आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरे पुत्र आबाद व उसकी पत्नी श्रीमति इलमा अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शकील अहमद पुत्र नूरमौहम्मद निवासी म.न.-11/84/63, सुभाष नगर, गली न.-10, निकट रेलवे लाईन, थाना नई मंडी, जिला-मुजफ्फरनगर**

## गैंगस्टर के वांछित अभियुक्त अरेस्ट कर जेल भेजे

**बुढ़ाना।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस ने बीती 10 अप्रैल को सटे की खाइबाडी करते हुए वंश नामक सटोरिए को पकड़कर जेल भेजा था जबकि हर्ष फरार हो गया था। वंश की कुछ दिन बाद जमानत हो गयी थी। पुलिस ने हर्ष और वंश को बीते दिनों उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया था। पुलिस इनको तलाश रही थी क्योंकि ये दोनों फरार चल रहे थे। इन दोनों के अलावा पुलिस ने रामोतार नाम के युवक को भी गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोमवार की सुबह तीनों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन तीनों के अलावा पुलिस ने उन अन्य सटोरियों की भी तलाश की जिन पर गैंगस्टर लगाई गयी है लेकिन बाकी सटोरिये भूमिगत हो गये हैं। बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के निर्देश पर इन तीनों को पकड़ने वालों में कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, निर्वेश भारद्वाज और हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल नकुल सांगवान हैं। वहीं दूसरी और बुढाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक केस में वांछित चल रहे जाहिद निवासी ग्राम जौला को भी गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

## ईदगाह में ईद की नमाज प्रात: 7:45 बजे होगी

**बुढ़ाना।** ईदगाह कमेटी बुढ़ाना के प्रबंधक तोसीफ राही ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कस्बा बुढ़ाना की ईदगाह में ईद उल अजहा का समय भीषण गमह्न के चलते सुबह 07रू45 बजे का रखा गया है। उन्होंने सब मुस्लिमों से आग्रह किया है कि वे सभी सुबह 07रू45 बजे तक ईदगाह में अवश्य पहुंच जाएं ताकि वे ईद उल अजहा की नमाज में शामिल हो सकें। उन्होने सभी से ये भी आग्रह किया है कि वे अपने घरों से ईदगाह आते समय एक ही साइड में लाइन से चलें पूरी सड़क ना घेरें ताकि अन्य लोगों के आवागमन में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो।

# गांव सफीपुर पट्टी में हुआ पूर्व ब्लॉक प्रमुख का स्वागत

- मुस्लिमों ने चुनाव मे रालोद संग रहने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक के पूर्व प्रमुख व रालोद के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक का सोमवार को बुढाना ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी में आयोजित समारोह मे मुख्य अतिथि के रुप मे मुस्लिम समाज के सैंकडों ग्रामीणों ने फूल मालाओं वढ ढोल की थाप पर भव्य स्वागत किया।

ये स्वागत इसी पटी के प्रधान पद के निर्दलीय उम्मीदवार इनाम प्रधान के नेतृत्व में उनके समर्थकों ने किया। यहां पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि आप लोगों ने यहां बुलाकर उन्हें जो सम्मान देने का काम किया है वे उसे भुलाएंगे नहीं। में वादा करता हूं कि अगर आप आधी रात को भी उनको कोई काम बताएंगे वे उसे करेंगे। उन्होने सफीपुर पटी में अपनी माता पाल्लो देवी की विकास निधि



से गांव का विकास करने की बात कही और कहा कि जो भी यहां की समस्या है उसे उन्हें बताएं तो फिर वे उस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश की सरकारों में हमारी हिस्सेदारी है। आने वाले समय में अब ग्राम प्रधान पद के चुनाव होंगे जिसमें हमें काबिल उम्मीदवार का चयन करना है ताकि गांव का संपूर्ण विकास हो सके। यहां मुस्लिमों ने रालोद की विचारधारा को सही बताते हुए कहा कि वे विधानसभा चुनाव में रालोद संग रहेंगे। यहां ग्रामीणों ने चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजीत सिंह अमर रहे, जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से लगाए। यहां इनाम प्रधान, महताब, नौशाद, आरिफ, तराबू, खुशह्नद मास्टर, सत्तार, निसार, शमीम, जितेंद्र मलिक, लविश जांगिड, साहिल आदि मौजूद थे।

# सरकारी दस्तावेज दुरुस्त कराने को लगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार को जमीअत उलमा-ए-हिंद शाखा बुढ़ाना के तत्वावधान में हाजी अकबर कुरैशी के आवास पर एक दिवसीय फी सरकारी दस्तावेज़ दुरुस्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय लोगों के पहचान पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, किसान सम्मान निधि कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन कार्ड आदि दुरुस्त किए गये। जमीअत की इस सेवा का क्षेत्रीय लोगों ने पूरा लाभ उठाया।

विशेषकर उन लोगों के लिए ये शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ जिन्हें पहचान पत्र बनवाने में पहले कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा कई लोगों ने आयुष्मान भारत कार्ड बनवाकर स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त किया। शिविर का संचालन जमीअत उलमा-ए-हिंद के कर्मठ कार्यकर्ता आसिफ अली ने पूरी मेहनत के साथ किया। जमीअत



शहर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने खुद मौजूद रहकर लोगों से अपील की कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं व दस्तावेज़ बनवाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से हाजी यूसुफ कुरैशी, राशिद कुरैशी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नवाब, नसीम अहमद, अतीक अहमद तथा अन्य स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जमीअत उलमा-ए-हिंद शाखा बुढ़ाना की इस सेवा कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है और लोगों ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने की मांग की है।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकृत सं0-05649 दिनांक 28.08.2010 में गलती से नाम अजमत जैहरा (Azmat Zehra) अंकित करा दिया था जबकि उसका वास्तविक नाम जाफरी अजमत जेहरा फिरोज हैदर Jafri Azmat Zehra Firoj Haider है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**फिरोज हैदर पुत्र मौ.तकी जाफरी निवासी म.न. 382/7 खादरवाला तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर**

# बैंक मैनेजर पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, हंगामा



**छपार।** यूनियन बैंक मैनेजर पर भ्रष्टाचार व किसानों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। मैनेजर ने विरोध में कुछ बात कही जिस पर कार्यकर्ता भडक गए और बैंक में घुसकर कार्यकर्ताओं ने मैनेजर को धक्का मुक्की कर बाहर ले आए सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक व मैनेजर को धरने पर बैठा लिया।बैंक के रीजनल मैनेजर के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ सोमवार को भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता मंडल महासचिव विपिन त्यागी के नेतृत्व में देवबंद मार्ग पर स्थित यूनियन बैंक के सामने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। मंडल महासचिव ने बताया बैंक मैनेजर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। तथा बैंक में दलालों का बोलबाला है और भ्रष्टाचार चरम पर है।आम नागरिकों के काम नहीं होते छपार प्रभारी निरीक्षक ने धरना समाप्त कराने की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने और अधिकारियों के धरना स्थल आकर आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे। घंटों बाद बैंक के रीजनल मैनेजर योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और व्यवस्था सुधार का आश्वासन दिया जिस पर धरना समाप्त किया गया। रीजनल मैनेजर ने कहा है कि एक किसान का क्रेडिट कार्ड बनना था। उसके लिए नो-डड्यूज नहीं दे रहे थे ।अब नो-डड्यूज दिया है क्रेडिट कार्ड बन जाएगा। अंकित जवाला मोरना ब्लॉक अध्यक्ष, शहजाद राव, धीरज त्यागी, मोहसिन, संजीव त्यागी, कमल त्यागी, प्रकाश त्यागी, बिवास गुर्जर, अब्दुल्ला, भंवर सिंह गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **फैजान अहमद** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। **फैजान अहमद** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में **फैजान अहमद** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नसरीन अख्तर पत्नी स्व0 तंजीम अहमद,**

निवासी म0नं0 620, गली नं0 5, मौहल्ला रहमत नगर, थाना खालापार, जिला मुजफ्फरनगर।

# मंगलवार को होगा ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले का शुभारम्भ

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ज्येष्ठ दशहरा गंगा मेले का मंगलवार को विधिवत शुभारम्भ होगा इस अवसर गंगा घाट मां गंगा की महाआरती की जायेगी जिसमें जनप्रतिनिधि सहित प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य भाग लेगे वहीं इस तैयारियां शुरू हो गयी हैं। तीर्थ नगरी में दुकानों को लगाना आरम्भ हो गया है। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत द्वारा तीन दिवसीय गंगा दशहरा मेला का आयोजन आगामी तीन जून से छरूजून तक किया जायेगा।

**विज्ञप्ति**

सर्व ठेकेदार को सूचित किया जाता है जनपद मुजफ्फरनगर के यातायात पुलिस लाइन में 207 एमवी एक्ट में दाखिल कुल 52 वाहनों (स्क्रेप)को नीलामी किये जाने हेतु दिनांक 09.06.2025 नियत की गयी है। इच्छुक ठेकेदार 09.06.2025 को यातायात पुलिस लाइन जनपद मुजफ्फरनगर में 11.00 बजे तक उपरोक्त वाहनों (स्क्रेप) की नीलामी में रू. 1,00,000-/ अरनेस्टमनी जमा करके नीलामी मे शामिल हो सकता है। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्ते यातायात कार्यालय जनपद मुजफ्फरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। इच्छुक ठेकेदार अपने साथ आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड / पैन कार्ड / फर्म के जीएसटी नंबर को जमा करेगा। जिस ठेकेदार की बोली सर्वाधिक होगी नीलामी उसी के पक्ष मे छोड़ दी जाएंगी। नीलामी छूटने के उपरान्त 50 प्रतिशत धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। छोड़ी गयी नीलामी की धनराशि पर नियमानुसार 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से जमा की जायेगी। नीलामी के 7 दिन के अंदर सभी वाहन (स्क्रेप) शेष धनराशि जमा करके उठाने होंगे। यदि यह 7 दिन के अंदर वाहनों (स्क्रेप) कों नहीं उठाता है तो रू.100 प्रत्येक वाहन का पार्किंग शुल्क वसूला जायेगा।

मो0न0-8535065702

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मुजफ्फरनगर

**एम. एस. एस. के. डी. डिग्री कॉलेज (स्ववित्त पोषित) मोरना मु0 नगर।**

**आवश्यकता है**

यू0 जी0 सी0/शासन विश्वविद्यालय द्वारा अर्ह अभ्यर्थियों से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. बी.ए. राजनीतिशास्त्र: 1 पद
2. उपरोक्त पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति एवं नवीनतम फोटो सहित दिनांक 01.06.2025 तक आवेदन करें।

ई-मेल: msskd102@gmail.com

**मदनपाल सिंह,** सचिव

सचिव मो0- 9719685617

प्राचार्य मो0- 9319244992

# भरी गर्मी में समरकैंपों की धूम, छात्र-छात्राओं ने लिया आनंद

### सत्यनारायण इंटर कॉलेज में समरकैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को समर कैम्प का शुभारम्भ उल्लास एवं धूम-धाम से हुआ। कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, एनके कंसल तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समर कैम्प में आनन्द के साथ खेल- खेल में छात्र छात्राओं को सीखने सिखाने का लक्ष्य रखा गया। आज के दिन छात्र छात्राओं ने लूडो, कैरम बोर्ड, बैडमिन्टन, फुटबॉल नृत्य तथा योग आदि को सीखने का आनन्द उठाया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में एनके कंसल ने कहा कि समर कैम्प में छात्र छात्राओं को नई नई विधाएं आनन्द और चुनौती के साथ सीखनी चाहिएं और ए सब आगे चलकर जीवन में भी आपके लिए लाभदायक रहेंगी। प्रतिदिन आपको नए नए खेल और नई नई कलाएं सिखाई जाएंगी। समर कैम्प का समस्त संचालन छवि शर्मा के द्वारा किया गया।





**शामली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सोंटा (1- 8) में समर कैंप के 11वे दिन के कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती लता राठौर, डीसी अमित चौहान व राहुल, युग कौशल फाउंडेशन के सदस्य, ग्राम प्रधान मुकेश, एसएमसी अध्यक्ष विकास कुमार ने समर कैंप का उद्घाटन सरस्वती मां की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलन कर किया। साथ ही कक्षा 8 की छात्रा दिव्यांशी ने एक बहुत ही मधुर सरस्वती वंदना का गायन किया इसके पश्चात सभी ने समर कैंप की आज की गतिविधियों भाषा वृक्ष योग और व्यायाम तथा कल्पनाशील डायरी के ग्रुपों का निरीक्षण किया बच्चों से उन पर चर्चा की।

इसके पश्चात अमित कुमार (डी.सी.) सर ने बच्चों को भाषा के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा युग कौशल फाउंडेशन के सदस्य मोहित तायल नें साइबर क्राइम की क्लिप वीडियो दिखाकर बच्चों से साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के उपायों पर चर्चा करते हुए जागरूक किया। इसके पश्चात बीएसए मैम के द्वारा बच्चों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया।

विद्यालय स्टाफ से विद्यालय प्रभारी जितेंदर कुमार, शिक्षक विकास राठी, लोकेश कुमार, मती अंजली, रूबी देवी, कोमल रानी, रामभेतेरी देवी उपस्थिति रहे।

## आईआईटी एडवांस में सिल्वर बैल्स के ओम व अथर्व ने नाम कमाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को घोषित आईआईटी एडवांस में सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ओम शर्मा ने जनरल रैंक 6752 व इडब्लूएस रैंक 752 एवं अथर्व मित्तल ने 24620 जनरल रैंक प्राप्त की। परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर इन विद्यार्थियों को देश के उच्च स्तरीय विभिन्न आईआईटी इंजीनियरिंग संस्थाओ में प्रवेश मिलेगा। इससे पूर्व इसी वर्ष आईआई टी (मेन) की परीक्षा में विद्यालय के 11 छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों अरूण बंसल, अतुल बंसल, अनिल गोयल एवं मानस संगल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य डा। एके गोयल ने इस अवसर पर कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम तथा अभिभावकों एवं शिक्षको के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। इसके अतिरिक्त यह हमारे समाज, विशेषरूप से जनपद शामली के लिए गर्व का विषय हैं।

# तेज रफ्तार कार ने दो मौसेरे भाइयों को कुचला, मौत

**कैराना।** कैराना- झिंझाना मार्ग पर गांव गोगवान के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव काकौर निवासी राशिद (20) अपने मौसेरे भाई नाजिम (19) निवासी ग्राम मंगलौरा जिला करनाल हरियाणा के साथ में बाइक पर सवार होकर गांव गोगवान से कैराना आ रहा था। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही वह कैराना-झिंझाना मार्ग पर गोगवान बस स्टैंड के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार महेंद्रा एक्सयूवी-800 कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों की सहायता से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर युवकों के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। युवकों की मौत से परिजनों में हाहाक. ार मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी पुलिस टीम के साथ में सीएचसी पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी हासिल की। बाद में पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक राशिद के पिता इस्लाम ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि हादसे का शिकार हुए दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



### राजमिस्त्री का कार्य करते थे दोनों मौसेरे भाई

झिंझाना मार्ग पर हादसे का शिकार हुए दोनों युवक राजमिस्त्री का कार्य करते थे। वह घरों के निर्माण कार्य का ठेका भी लेते थे। सोमवार को वह गांव गोगवान में काम के लिए मजदूरों की तलाश में गए थे। वापस लौटते वक्त उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। मृतक युवक राशिद छह भाई- बहनों में सबसे बड़ा था। वह चार छोटे-छोटे बच्चों का पिता बताया गया है। वहीं, मृतक नाजिम अविवाहित बताया गया है। हादसे से मृतक युवकों के परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## एक नजर

### व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की शामली इकाई के जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा एवं नगर अध्यक्ष अंकित जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाहियों से व्यापारियों को विभिन्न समस्याओं हो रही है। व्यापारियों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते हुए, उचित मार्गदर्शन और समयबद्ध समाधान प्रदान किया जाए ताकि वे विधिक प्रावधानों का पालन सुचारू रूप से कर सकें। कहा कि व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए, जिससे उनका व्यवसाय निर्बाध रूप से चल सके और जनपद का आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला, जिला महामंत्री पीयूष वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, सुशील चौहान, विकास वर्मा, विपिन अत्रि, आशु गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### वाहन चोर पकड़ा गया



**शामली।** 31 मई को आजाद सिंह पुत्र उदय सिंह निवासी काक. नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल को मौहल्ला काकानगर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक वाहन चोर को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रोबिन उर्फ सरपंच पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम भोमाखेडी थाना मीरापुर जनपद मुजफफरनगर हाल पता राजेन्द्र कालो है।

### छुरे के साथ पकड़ा

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश पुत्र छोटन निवासी ग्राम सोहजनी जाटान थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर जनपद शामली है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 200 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त बिलाल पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना कांधला जनपद शामली है।

### चरस सहित टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

**शामली।** 1.6.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना का टाप-10 अपराधी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है जिसके कब्जे से अवैध 279 ग्राम चरस बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सागर उर्फ जानी पुत्र रविन्द्र निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है। इस पर कई मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं।

# साहित्यकार कल्याण कोष योजना के तहत की जाएगी मदद

**शामली।** जिला सूचना अधिक. ारी, शामली ने बताया कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित साहित्यकार कल्याण कोष योजना व प्रकाशन अनुदान योजना का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देशों के क्रम में साहित्यकार कल्याण कोष योजना-के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रूपये पांच लाख तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधि. कतम रूपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र, दो साहित्यकारों की संस्तुतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है। उक्त योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 27 जून, 2025 है।, इसके अलावा प्रकाशन अनुदान योजना:-इस योजना के अन्तर्गत ऐसे रचनाकारों को, जिनकी वार्षिक आय द्धसमस्त स्रोतों सेत्र रूपए पांच लाख तक है, उनकी पाण्डुलिपि के मुद्रण के लिए अनावर्तक प्रकाशन अनुदान प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित हैं। द्धपुस्तक अधिकतम 200 पृष्ठों की होत्र पाण्डुलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। प्रस्तुत पाण्डुलिपि वापस नहीं की जाएगी। स्वीकृत पाण्डुलिपि लेखकध्लेखक के उत्तराधिकारी द्वारा मुद्रित कराई जाएगी। निर्धारित तिथि तक संस्थान में मुद्रित पुस्तक की पांच प्रतियां एवं मुद्रक का प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना होगा। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, तीन प्रेसों के कोटेशन, दो साहित्यकारों की संस्तुतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है। शोध ग्रंथोंध्सम्पादित पाण्डुलिपि अनुदान हेतु स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमानुसार अनुदान लेखक को स्वीकृत होगा। उक्त योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जुलाई, 2025 है। उक्त योजनाओं का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट www.uphindis-ansthan.in पर भी उपलब्ध है।

### ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत जिम्मेदार लोगों के साथ की बैठक

**कैराना।** सोमवार को नवनियुक्त एसडीएम निधि भारद्वाज एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा पर्व के मद्देनजर नगर एवं क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के साथ में कोतवाली प्रांगण में बैठक आहूत की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ईद-उल-अजहा के त्योहार पर प्रतिबंधित मवेशियों की कुर्बानी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। खुले में पशुओं की कुर्बानी न दी जाए। तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष कैराना प्रदीप गोयल, अनिल गुप्ता, पाल कश्यप, संजय राजवंशी, फैजान कुरैशी, अखलाक प्रधान, सभासद तौसीफ, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# गो माता के संरक्षण के लिए बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को बृजवासी गो माता रक्षक सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराज धर्मदास के निर्देश पर ग्राम मुंडेट में गौ माता के संरक्षण,गौ माता की सेवा और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने के विषय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के युवाओं और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। सभा के मुख्य अतिथि रहे दीपक सैनी ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए। गौ माता के संरक्षण, गौ माता की जा रही हत्याओं पर रोक लगाने के लिए कार्य करे। सर्व सम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए देश भर में एक यात्रा निकाली जाएगी। उस यात्रा से पूर्व केवल शामली जनपद के अंदर शहर के अंदर एक विशेष लघु यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ-साथ किसानो और गोवंश पालकों में देसी कामधेनु गाय की वृद्धि किस प्रकार अधिक से अधिक की जाए, इस विषय पर भी चर्चा की गई। दूध डेयरियों में गौ माता की संख्या किस प्रकार बढ़े और स्वास्थ्य के लिए श्रेष्ठतम दूध का अधिकतम देश का युवा किस प्रकार उपयोग करें इस विषय पर भी चर्चा की गई। सभा में शौर्य गिरी, अजय कश्यप, कुलदीप, अंकित, रोहित शर्मा, आरियन शर्मा, गोरव उपाध्याय, मोनू, महावीर उपाध्याय, सावन सैनी, अरूण तोमर, रितिक कश्यप, ओमबीर सिंह, संदीप शर्मा, अरविंद शर्मा, अमित शर्मा, अजित सिंह, इशांत शर्मा, सुरेश कश्यप, लो. केश सैनी आदि मौजूद रहे।

### सूबेदार मेजर का सेवानिवृत्ति पर पुष्प-मालाएं पहनाकर किया स्वागत



**कैराना।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर मनोज कुमार का अपरा. जिता ग्रुप की ओर से पुष्प-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया। विगत शनिवार को इंडियन आर्मी में सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए मेरठ जनपद के कंकरखेड़ा निवासी मनोज कुमार क्षेत्र के गांव जगनपुर में पहुंचे। जहां पर शामली-कैराना मार्ग पर जगनपुर बस स्टॉप के निकट स्थित अपराजिता फूड पॉइंट्स एंड कार वाशिंग सेंटर पर अपराजिता ग्रुप की ओर से उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर मनोज कुमार को पुष्प-मालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनंदन किया गया। अपराजिता ग्रुप की ओर से उनके लिए दोपहर भोज की भी व्यवस्था की गई थी। मनोज कुमार ने करीब 26 वर्षों तक भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान की है। वह विगत 31 मई 2025 को सेवानिवृत्त हुए है। अपराजिता ग्रुप की ओर से दिए गए सम्मान के चलते सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर मनोज कुमार गदगद नजर आए। इस अवसर पर ओनरी लेफ्टिनेंटद्धसेवानिवृत्तत्र प्रविन्द्र चौहान, कमर्शियल इंस्पेक्टर तरसपाल राठौर, सेवानिवृत्त हवलदार अरुण कालखंडे, पंजाब सिंह चौहान, प्रदीप कुमार, सुधीर कुमार, नरेश कुमार, मैनपाल, अंकित शर्मा, चरणसिंह महाराज, बृजवीर सिंह साधूराम, मोनालिसा चौहान दीपाली चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के लिए दस जून से चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासनादेश के अनुपालन में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु प्रत्येक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 10 जून, 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया इस अभियान में सभी विकास खण्ड परिसरों में निम्न तिथियों को चिन्हांकन शिविर का आयोजन पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 4:00 बजे तक किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड प्रांगण शामली में 10 जून, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में दिनांक 11.6.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण ऊन में दिनांक 12.6.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण कांधला में दिनांक 13.6.2025, व विकास खण्ड प्रांगण कैराना में दिनांक 19.6.2025 को शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन निर्धारित तिथियों में शिविर में तैनात किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों व नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 4 बजे तक किया जाएगा। चिन्हांकन शिविर में चिकित्सकीय दल का गठन कर दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र व यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किए जाएंगे।

उनकी आवश्यकता के अनुरूप उन्हें सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, एम.आर किट, लेप्रोसी किट, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, बैसाखी इत्यादि एवं कृत्रिम अंग जैसे-बनावटी हाथ-पैर, कैलिपर हेतु चिन्हित कर लाभान्वित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं जैसे-कॉक्लियर इम्प्लाण्ट, स्पॉन्सरशिप योजना आदि में पात्र दिव्यांग बच्चों के आवेदन कराए जाएंगे। शिविर में पंजीकरण कराने हेतु दिव्यांगजनों को आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र यू.डी.आई.डी. कार्ड, शैक्षिक अभिलेख की छाया प्रति एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुए 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले चिन्हांकन शिविर में सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कराने हेतु कडे निर्देश दिए गए हैं।

# भारत विकास परिषद ने धूमधाम से मनाया अधिष्ठापन समारोह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से सीए अरिहंत जैन को अध्यक्ष व मनीष जैन को सचिव मना. नीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव ने की तथा प्रांतीय महासचिव अरुण खंडेलवाल ने विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सीए अरिहंत जैन को सर्वसम्मति से शाखा का नव निर्वाचित अध्यक्ष, मनीष जैन को सचिव और अनिल सिंघल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। समारोह के दौरान दिव्यम जैन, मनीष गोयल, अपर गौरव, अमित जैन, श्रवण सांगल, अक्षय जैन एवं आशीष को भी संगठन की सेवा हेतु विधिवत शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जैन बच्चों द्वारा एक देशभक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी उपस्थित जनों का मनोबल और देशप्रेम बढ़ाया। इस अवसर पर राजकुमार कुच्छल, लोकेन्द्र चौधरी, एडवोकेट रामकुमार वर्मा, हिमांशु मित्तल, मनोज रसवंत, विपुल जैन, संजय गर्ग, अंकित जैन, विजय बहादुर, प्रतीक गोयल, संजय गोयल मौजूद रहे।



**Ch. Atar Singh Degree College**
Thanabhawan, District Shamli-247777
**"REQUIREMENT"**
Post- Principal (1), Assistant Professor (1 for each subject: Hindi, English, Political Science, Home Science, Education, Economics, History, Sociology). Eligibility & Pay as per norms and experience. Send C.V. and necessary documents by hand or email ch.atarsinghtbn@gmail.com last date 10 June 2025.
**Secretary**
+91 9720469096.

# दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**कैराना।** पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। विगत 9 जनवरी को वाजिद निवासी मोहल्ला सलेमपुर रोड़ कस्बा कांधला ने अपनी पुत्री के सुसरालियों के विरुद्ध कोतवाली कैराना पर दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया था। मामले की तफ्तीश सीओ कैराना कर रहे है। सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार महिला अपराध में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे के इमामगेट चौकी पर तैनात एसआई पुष्पेणदत्त शर्मा ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी जावेद निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व मामले में वांछित शाहरुख, फारुख व अब्दुल को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# बिजली चेकिंग के नाम पर लोगों का उत्पीड़न, अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग को बनवाने तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के उत्पीड़न के विरोध में जन उत्थान सेवा समिति के बैनर तले कस्बे के लोगों ने जुलूस निकालकर तहसील कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया बाद मे उपजिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जन उत्थान सेवा समिति द्वारा करीब एक सप्ताह पूर्व 6 मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी सोमवार को सैकड़ों लोग मेन बाजार स्थित धर्मशाला पर एकत्रित हुए वहां से जुलूस के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे तथा धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग को बनवाने तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा कस्बे में चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण करने का आरोप लगाया। वक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा रात्रि के समय लोगों के घरों में सीढी लगाकर घुसते हैं गत चार अप्रैल को हुए विवाद में दोनों पक्षों में फैसले के बावजूद विद्युत विभाग द्वारा करीब 45 लोगों पर लाखों रूपए का जुर्माना लगा दिया गया तथा मुकदमे दर्ज किए गए।

जबकि पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था उन्होंने विद्युत विभाग को चेतावनी दी कि अगर उपभोक्ताओं के खिलाफ उत्पीड़नात्मक करवाई को वापस नहीं लिया गया तो कस्बे में विद्युत बिल निकालने कोई कर्मचारी नहीं आए न हीं कस्बे के लोग विद्युत बिल जमा करेंगे इसके अलावा गन्ना समिति ऊन में किसानों को उधार खाद नहीं दी जा रही है जबकि समिति किसानों से खाद पर ब्याज लेती है तथा बकाया गन्ना भुगतान पर ब्याज नहीं दिया जा रहा है किसानों को तत्काल नगद व उधार खाद दिया जाए इसके अलावा पशु चिकित्सालय पर डॉक्टर व फार्मासिस्ट की तैनाती करने तथा कस्बे में थाने के प्रस्ताव को पास कर थाना बनाने व राजकीय डिग्री कॉलेज बनाने की भी मांग की गई। धरना प्रदर्शन को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेता जितेंद्र सिंह ने धरने पर पहुंचकर समर्थन व्यक्त किया। बाद में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। धरने की अध्यक्षता रामकिशन मित्तल तथा संचालन जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुखपाल भार्गव ने किया। धरना प्रदर्शन में नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार, भास्कर चौधरी, देवेंद्र सिंह मंत्री बत्तीस खाप, राजेश मित्तल, सतेन्द्र चिकारा, सत्यवान, सचिन, रामभज, सुभाष, रोहित, हरेंद्र, जोगिंदर, अजय पाल, लख्मीचंद, निरंकार, रामपाल, जसवीर, नदीम, रवि सिरोही, बिंदु चौधरी, रामगोपाल आदि शामिल रहे।

## हरिजन आबादी की भूमि पर जबरन कब्जे का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव आकापुर फूसगढ में हरिजन आबादी की सुरक्षित भूमि पर उच्च जाति के लोगों ने कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया है इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांव आकापुर फूसगढ में खसरा संख्या 98 व 112 हरिजन आबादी की सुरक्षित भूमि है जिस पर दलित वर्ग के लोगों ने कूप व बिटौडे डाल रखे थे आरोप है कि गांव के शिबू सैनी, प्रमिल, तेजपाल, विनोद, अमित, धर्म सिंह आदि ने कूपो को अपना बताकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है ।विरोध करने पर मारपीट करने व झूठे मुकदमे में फफंसाने की धमकी दी जा रही है ।इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कार्यवाही की मांग की है ।शिकायत करने वालों में धर्मेंद्र, नीतू, राजकुमार, रणधीर, पिंकी, मुकेश, चंद्रो, प्रमिला, सपना आदि शामिल रहे।

## मास्टर जाहिद बने भाकियू के प्रदेश संगठन मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** भारतीय किसान यूनियन ने उत्तर प्रदेश में संगठन को और मजबूत करने के लिए एक अहम निर्णय लेते हुए मास्टर जाहिद अली को प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के केन्द्रीय कार्यालय, किसान भवन, सिसौली से जारी एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से की गई है। मास्टर जाहिद अली, जो कि थाना भवन क्षेत्र के सोंटा रसूलपुर गांव के निवासी हैं, को यह जिम्मेदारी उनके निरंतर प्रयास, कार्यक्षमता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए सौंपी गई है। संगठन ने उन्हें स्वर्गीय चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने का दायित्व सौंपा है।प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित नियुक्ति पत्र दिया गया है जिसमें में जाहिद अली को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई हैं और आशा व्यक्त की गई है कि वे संगठन के कार्यों को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से निभाते रहेंगे।इस संदेश के साथ जाहिद अली के समर्थकों में भी हर्ष की लहर है। इस नियुक्ति से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन और संगठन की पकड़ और भी मजबूत होगी।

## मन्दिर की भूमि पर कब्जा करने की फिराक में दबंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लव्वादाउदपुर में बचत की भूमि पर बने मन्दिर पर दबंगो द्वारा कब्जा करने का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी ऊन को शिकायत की। आरोप है कि दबंगो ने कुर्डी करकट आदि डालकर कब्जा करने की फिराक मे है। उपजिलाधिकारी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लव्वादाउदपुर में खसरा न0 266 पर 50 वर्ष पुराने एक प्राथमिक स्कूल बना है जो जर्जर हालात में है। वही आरोप है कि इसी खसरा संख्या की भूमि पर एक बारात घर भी स्थित है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि पर एक निर्माणाधीन मन्दिर है,जिस पर गांव के कुछ दबंग कब्जा करना चाहते है। जिसके लिए आरोपी मन्दिर वाले स्थान पर कूडा डाल रहे है ताकि कब्जे का दर्शाया जा सके। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और उपजिलाधिकारी ऊन को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। वही उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## खोडसमा में ट्यूबवैल के अंदर स्मैक पीते पकड़े गए नशेड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से पैर पसारता जा रहा है। हालात यह हैं कि अब गांव-देहात की सार्वजनिक संपत्तियां भी नशेड़ियों की सुरक्षित पनाहगाह बनती जा रही हैं। ताजा मामला खोडसमा गांव का है, जहां एक सरकारी ट्यूबवैल के अंदर चार-पांच युवक गेट बंद कर स्मैक पीते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिए। ग्रामीणों ने पूरी घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी और डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया।

ग्रामीणों श्रवण कुमार, आदेश, विपिन और अमित कुमार ने चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन ट्यूबवैल से होने वाली चोरियों के पीछे इन्हीं नशेड़ियों का हाथ है। उन्होंने बताया कि जब ट्यूबवैल के पास संदिग्ध गतिविधियों की भनक लगी तो कुछ ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर गेट खोला तो अंदर चार युवक स्मैक पीते पाए गए। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे पास के ही गांव से स्मैक लाकर पी रहे थे, जिसकी कीमत पांच सौ रूपए बताई गई। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि इससे पहले भी क्षेत्र में स्मैक बेचने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वायरल वीडियो में जिन युवकों की



पहचान की जा रही है, उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चौसाना, जिजौला, बल्ला माजरा, खोडसमा और भड़ी गांवों में नशे का अवैध कारोबार जोरों पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की सुस्ती के चलते नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है और युवा वर्ग बड़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहा है। वायरल हो रही वीडियो ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में पुलिस के खिलाफ चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांवों को इस गंभीर संकट से बचाया जा सके।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना परिसर में ईद उल अजहा के त्योहार के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कस्बे के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की। जिसमे विशेष सफाई रखने पर जोर देते हुए कहा कि कुर्बानी के अवशेष इधर उधर न फेंके जाएं। कुर्बानी खुले में न करे। संरक्षित पशुओं की कुर्बानी न करे। ईद की नमाज परिसर के अंदर ही पढ़े। उन्होंने नगर पंचायत को कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण ठीक तरीके से करने और साफ सफाई के लिए एक टीम का गठन करने को कहा, जो कस्बे में घूम कर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। मीटिंग में आए लोगो ने कुर्बानी वाले दिन बिजली पानी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। जिस पर उन्होंने नगर पंचायत को पानी की समुचित व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर मौलाना तैय्यब कासमी, हाफिज अय्यूब, हाफिज फरीद, सरफराज शाह, हाफिज इरशाद, मासूम प्रधान, याकूब प्रधान, फूल कुमार, अफसर मंसूरा, इदरीस राना, शाहदीन राना आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी में ठंडे जल प्याऊ का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को विश्वकर्मा परिवार सहायता ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शहर के माजरा रोड पर स्थाई शीतल जल प्याऊ का निर्माण कराया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा किया गया। सोमवार को शीतल जल मशीन के उद्घाटन से अरविन्द संगल ने कहा कि तिजोरियों में पैसा तो बहुत लोगों की है, धन्ना सेठ तो बहुत है पर असली अमीर तो वो ही हुए हैं, जो समाज के लिए काम करते हैं। शीतल जल मशीन अपने धन से लगाकर वाकई सिद्ध कर दिया कि धनवान होना नहीं बल्कि दिल के अमीर होना, समाज सेवा के लिए आवश्यक है। ट्रस्ट के अध्यक्ष मैनपाल पांचाल, महामंत्री रमेश पटवा और कोषाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा दो जरूरतमंद परिवारों को ट्रस्ट की ओर 21- 21, हजार रूपए चौक देकर सहायता भी की गई। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी प्रदीप विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम समारोह में सभी महानुभावों ने विश्वकर्मा समाज के बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने पर भी विचार विमर्श किया। इस अवसर पर रविन्द्र आर्य, डा। राजेंद्र स्वामी, विकास धीमान, प्रमोद जांगिड़, तेजपाल पांचाल, संजय धीमान, प्रवीण पांचाल, सोहिल धीमान, सौरभ पांचाल, अजय निर्वाल सभासद, कर्णपाल पांचाल, लोकेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

## लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी किसान ने तहसील शामली के लेखपाल पर कुर्रे बंदी किए जाने के नाम पर 40 हजार रूपये की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया है। किसान उक्त लेखपाल को ऑन लाईन के रूप में 2500 रूपये भी दे चुका है, लेकिन लेखपाल 40 हजार न मिलने पर कुर्रे बंदी करने के लिए तैयार नही है। पीडित किसान ने डीएम से तहसील परिसर में आत्म हत्या करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी सचिन कुमार ने शहर के काकानगर स्थित अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि उसके पिता स्व संजीव कुमार की मौत हो चुकी है। जिसके बाद वह खेती की जमीन को बेचने के लिए कुर्रे बंदी कराना चाहता है। जिसके लिए नवंबर माह में पीडी बनाकर एसडीएम कोर्ट में जमा कर दी गई थी, जिस पर एसडीएम कोर्ट ने लेखपाल सूरज मिश्रा को कुर्रे बंदी करने के लिए आदेशित किया था। लेकिन आरोप है कि लेखपाल ने कुर्रे बंदी करने की एवज में 40 हजार रूपये की डिमांड की और किसान से दो किश्तों में 2500 रूपये ऑन लाईन भी ले लिए। बार बार चक्कर काटने पर भी लेखपाल द्वारा जब कुर्रे बंदी नही की गई तो पीडित किसान ने तहसीलदार, एसडीएम और डीएम से मामले की शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है। किसान ने लेखपाल पर शिकायत न वापस लेने पर कुर्रे बंदी न कराए जाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। किसान ने डीएम से तहसील परिसर में आत्म हत्या करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुशील कुमार तोमर, पूर्व प्रधान बालेन्द्र सिंह, विनोद निर्वाल, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## अहमदगढ़ व खेड़ी जुनारदार को अलग-अलग ग्राम पंचायत बनाया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झिंझाना। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी शामली को देकर अहमदगढ़ एवं खेड़ी जुनारदार को अलग अलग ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की।

सोमवार को काग्रेस नेता अश्वनी शर्मा ने मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन शामली जिलाधिकारी अरविंद चौहान के नाम एडीएम शामली को दिया। उन्होंने बताया कि कैराना तहसील की ग्राम पंचायत सींगरा की आबादी लगभग दस हजार है, जिसमें लगभग 4 हजार मतदाता हैं। ग्राम पंचायत सींगरा में दो राजस्व ग्राम सींगरा व खेड़ी जुनारदार जिनकी वोटिंग क्रमशः लगभग 1700 व 2000 है। लगभग 30 वर्ष पूर्व मतदाताओं की संख्या कम होने की वजह से सींगरा पंचायत में अहमदगढ़ एवं खेड़ी जुनारदार को जोड़ दिया गया था। पांच वर्ष पूर्व दोनों राजस्व ग्रामों सींगरा व खेड़ी जुनारदार को

**मांग**

अलग अलग ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले 7 मजरों में सींगरा, जाट फार्म, खोकशा, नयाबांस, रामपुरा व खेड़ी जुनारदार, अहमदगढ़ के वासीयों के द्वारा उठाई गई थी, लेकिन खेडी जुनारदार व अहमदगढ़ गांवों को सींगरा से पृथक करते हुए नई पंचायत बनाए जाने का प्रस्ताव कोरोना वायरस की वजह से पारित नहीं हो पाया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि मामले में दोनों राजस्व ग्रामों सींगरा एवं खेड़ी जुनारदार की जनसंख्या एवं मतदाताओं की संख्या 4 हजार से अधिक होने के कारण वर्तमान ग्राम पंचायत सींगरा से अहमदगढ़ एवं खेडी जुनारदार मजरों को पृथक करते हुए नई ग्राम पंचायत खेड़ी जुनारदार का गठन कराने का प्रस्ताव कराने की संस्तुति पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश शासन को भेजने की मांग की।

## मामूली बात को लेकर मारपीट करने का आरोप, पुलिस से शिकायत



शिकायती पत्र दिखाता युवक।

**शामली।** शहर के मौहल्ला कलंदरशाह निवासी एक दुकानदार ने माल के एवज में लिए गए रूपये वापस दिए जाने के बावजूद कांधला निवासी कुछ लोगों पर दुकान में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायत की है। सोमवार को शहर के मौहलला कलंदरशाह निवासी अकरम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह रेडीमेंट कपडे बनाने का काम करता है। जिसने अक्टूबर 2024 में कांधला के मौहल्ला खेल निवासी रज्जी से ट्रेक शूट बनाने के लिए 1।20 लाख रूपये लिए थे ।दिसंबर में 60 हजार रूपये का माल तैयार कर दे दिया गया, जबकि बाकी बची रकम को विभिन्न माध्यम से वापस कर दिया गया।लेकिन इसके बावजूद रज्जी और पैसों की मांग कर रहा है। आरोप है कि सोमवार को रज्जी अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे और 20 हजार रूपये और न देने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट की। यही नही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दुकानदार ने हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## चोरी के बैट्रे व सोलर प्लेटस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी के गंगोह बस स्टेंड पर दो दुकानदारों की दुकानों पर सहारनपुर जनपद के कुंडाकलां चौकी पुलिस ने दबिश दी। पुलिस की दबिश से बाजार मे हडकम्प मच गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दुकानदारों से चोरी की गई सौर ऊर्जा प्लेट व दो बैटरो को बरामद किया। पूछताछ मे दुकानदारों ने बताया कि उन्होने बेचने वाले युवको का आधार कार्ड लिया था। पहचान तस्दीक होने पर सामान को खरीदा था। जिस पर पुलिस ने आरोपी दुकानदारों को छोड दिया और माल को बरामद कर लौट गई। बताया गया है कि आरोपी दुकानदारो मे एक दुकानदार पूर्व प्रधान मे बेटा है। पुलिस की कार्यवाही बाजार मे पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही है।

## नदियों के संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत थानाभवन द्वारा गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज वार्ड नंबर 15, छिपीयान स्थित जस्सूवाला मंदिर प्रांगण में एक सामूहिक जन-जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा के निर्देशन में किया गया। बैठक में क्षेत्रीय नागरिकों को सड़कों, नालियों, तालाबों एवं कस्बे से सटी कृष्णा नदी की सफाई के प्रति जागरूक किया गया और जल स्रोतों की स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया गया।बैठक के उपरांत जस्सूवाला तालाब से निकलने वाले नाले की सफाई के साथ-साथ पूरे वार्ड की गलियों की नालियों की विशेष सफाई कराई गई। सफाई अभियान में नगर पंचायत की टीम के साथ स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान में मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, सचिन, शुभम, अनूप, आकाश, विपुल, राहुल, छोटा, राजन, प्रदीप, विशाल एवं रिजवान सहित अन्य नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।नगर पंचायत के इस अभियान को क्षेत्रवासियों ने सराहा और नियमित स्वच्छता अभियानों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई। यह कार्यक्रम नदी संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जन भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।





## सपा ने बूथ स्तर पर उचित कदम उठाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी में बूथ स्तर तक की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित कील गई। जिसमें बताया कि पूर्व में शामली जिले में 971 बूथों पर बूथ प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। कैराना विधानसभा के 325, शामली के 307 और थानाभवन के 339 बूथ सम्मिलित है।

पूर्व राज्यमंत्री एवं कैराना लोकसभा प्रभारी प्रोफेसर सुधीर पंवार ने बताया कि बूथ, सेक्टर एवं जोन में संगठन का पुनर्गठन किया जा रहा है। जिसमें पार्टी मे सक्रिय सदस्यों को नियुक्त किया जा रहा है। जिससे पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान के चुनाव पार्टी सिम्बल पर नहीं होते लेकिन पार्टी अपने बूथ अध्यक्ष, प्रभारी को ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने पर सहयोग करेगी तथा उन्हें चुनाव जिताएगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख के चुनाव में सरकारी हस्तक्षेप को देखते हुए इन पदों का चुनाव सीधे जनता से होना चाहिए। यदि नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष को जनता सीधे चुन सकती है तो फिर ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत में भी क्या समस्या है। उन्होंने बताया कि प्रत्एक विधानसभा में पीडीए पंचायत के कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहे हैं तथा उनके कारण बड़ी संख्या में दलित समुदाय समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं महंगाई से त्रस्त जनता 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाने का इन्तजार कर रही है। इस अवसर पर तफरूज राव, जावेद जंग, किरणपाल मलिक, सलेक चंद, बिट्टू ताना, खुशनूद आदि मौजूद रहे।



## संदिग्ध हालत में घर पर लटका मिला महिला का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है, महिला के पिता ने ससुरालजनों द्वारा उसकी बेटी की हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में रविवार को देर रात्रि के समय एक विवाहिता निशा पत्नी अजय कश्यप ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटक गयी। महिला के 3 छोटे छोटे बच्चों के सिर से माँ का साया उठ गया है। जहां महिला के सबसे बड़े पुत्र की उम्र 5 साल बताई जा रही है वहीं सबसे छोटा पुत्र मात्र अभी 6 माह का ही हुआ है। सन्दिग्ध मौत के विषय में ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि वह रात्रि के समय ही आनन फानन में उसे सहानपुर के एक अस्पताल में ले गये गए थे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उक्त घटना की सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था साथ ही इसकी सूचना मृतका के परिजनों को भी दे दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने उसकी हत्या किये जाने की आशंका जताई है। मृतका के पीड़ित पिता कालूराम पुत्र बिशम्बर गांव दिनारपुर थाना गागलहेडी ने चिलकाना थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी पुत्री निशा की शादी 23 जनवरी वर्ष 2019 में सुलतानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी युवक अजय पुत्र बब्बल के साथ हुई थी। इस शादी में उन्होने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज देकर बेटी को खुशी खुशी विदा किया था।

लेकिन अजय के परिजन दान दहेज से खुश नहीं थे व शादी के कुछ दिन बाद से ही वह उनकी बेटी निशा को दहेज कम लाने के ताने देकर प्रताडित करते आ रहे थे। तभी से वह कार व दो लाख रूपये की मांग भी करने लगे थे। पीड़ित पिता का कहना है कि निशा ने मायके पहुंचकर उसे व अपने भाईयों को जब यह बात बताई तो उन्होने एक लाख रूपये नकद देकर अपनी बेटी निशा को उसके ।पति अजय के साथ ससुराल भेज दिया। लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही दोबारा फिर से उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताडित किया जाने लगा।

आज सोमवार की सुबह उन्हें पुलिस द्वारा उनकी बेटी की मौत हो जाने की जानकारी दी गयी। पीड़ित पिता ने मृतका के पति अजय, ससुर बब्बल व देवर विजय द्वारा उसकी पुत्री की हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर मृतका के पति अजय, देवर विजय व ससुर बब्बल के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## योगासन में धैर्य प्रताप ने जीता स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान के सुपुत्र धैर्य प्रताप सिंह सैनी ने योगासना स्पोर्ट्स चैम्पियन शिप में दो स्वर्ण पदक जीत कर संस्था व परिवार का नाम रोशन किया है।

मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान व चेयरपर्सन श्वेता सैनी के सुपुत्र धैर्य प्रताप सिंह भूर्यान सैनी मोक्षायतन इंटरनेशनल अकादमी के छात्र हैं। जिन्होंने डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स चैम्पियन शिप (सब जूनियर) अंडर 14 आयु वर्ग में प्रतिभाग किया और 2 कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल किया। धैर्य प्रताप सिंह भूर्यान सैनी ने स्टेट चौम्पियन शिप प्रतियोगिता 2025 के लिए सहारनपुर जनपद का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्वालीफाई किया।धैर्य प्रताप सिंह भूर्यान की इस कामयाबी पर संस्था में जश्न का माहौल है।एमपीएस के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान और चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि धैर्य प्रताप सिंह भूर्यान की उपलब्धि पर हमें गर्व है।उन्होंने संस्था और परिवार का नाम रोशन किया है।हमें आशा है कि एक दिन धैर्य प्रताप सिंह राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेंगे।

इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ कुमारी शालू भूर्यान, आरिफा, डोली, निशांत आदि मौजूद रहे।

## जलाकर मारने के प्रयास का लगाया आरोप

**चिलकाना।** एक महिला ने अपने पति व ससुरा. लियों पर दहेज के लिए प्रताडित करते हुए उसे जलाकर मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

टोडरपुर पुलिस चौंकी क्षेत्र में पडने वाले सौंधेबांस गांव निवासी पीड़ित महिला शबनम ने अपने पति व ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया है कि उसकी शादी लगभग छ: वर्ष पूर्व गांव सौंधेबांस निवासी फारूख पुत्र यामीन के साथ हुई थी। जिसमें परिजनों ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया था लेकिन ससुरालजन उससे खुश नही है। पीड़िता ने बताया है कि शादी के छ: वर्ष बाद भी उसे कोई बच्चा नही है जिसकी उसे बार बार तानाकशी की जाती है ओर दहेज की मांग की जाती है। महिला का कहना है कि उसने दो बार पचास पचास हजार रूपये अपने मायके से लाकर ससुरालजनों को दे भी दिये हैं लेकिन ससुरालियों ने उसे जलाकर मारने की कोशिश की है। तथा जब पीडिता का भाई उसके हालचाल पुछने के लिए उसके ससुराल आया तो उनके साथ भी ससुरालजनों ने मारपीट की है।

## वार्षिक समारोह में मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कोटा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के वार्षिक सम्मान समारोह मे मेधावी छात्राओ को सम्मानित किया गया।

छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ पूनम यादव ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके कठिन परिश्रम करने के बाद ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है । आज महिलाएं देश में उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपनी सेवाएं देकर देश को विकसित बनाने का काम कर रही है। गत वर्ष अपनी-अपनी कक्षाओं में अधिक अंक पाने वाली सबा परवीन, सिमरन तथा तुलसी को स्मृति चिन्ह देते हुए इस वर्ष अपनी अपनी कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली शैव्या, गुंजन, निशा, आंचल, गायत्री, प्रियांशी, रावि, अ म ी ष ा ा , सानिया, मीणा, आंचल, खुशी, गुंजन, स्वाती आदि आदि छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डॉ संतोष चौधरी, डॉ वर्तिका ढील्लन, डॉ यामिनी पांडे, प्रीति, प्रदीप चौधरी, इस्तखार अली, बिलाल अहमद मौजूद रहे।

## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त: सतेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नवागत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर ने कहा कि आपराधिक असामाजिक तत्वों को खुद में सुधार करना पड़ेगा। शांति एवं कानून व्यस्था से खिलवाड़ करने का प्रयास करने वालों को किसी सूरत बख्शा नहीं जाएगा।

नवागत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर ने पत्रकारों से परिचय बैठक के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।मीडिया में माध्यम से इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर ने अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बताते हुए कहा कि वे पुलिस प्रशासन को सहयोग करने वाले अच्छे और सच्चे लोगों का पूरा सम्मान करते हैं। लेकिन असामाजिक आपराधिक तत्वों के लिए उनके दिल में कोई जगह नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेगा या किसी आपराधिक घटना में लिप्त पाया जाएगा।अफवाहों से क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो ऐसे लोगों को किसी सूरत बख्शा नहीं जाएगा।

इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर ने कहा कि गौकशी,अवैध शराब,स्मैक आदि नशे का कारोबार करने वाले देश और समाज के दुश्मनों के खिलाफ अभियान चला कर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणमान्य लोग जागरूक रहें और थानाक्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना के बारे में गुप्त रूप से उन्हें सूचना दें।तत्काल कार्रवाही की जाएगी। इस दौरान एसएसआई सुरेश कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## 6 में से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस डी एम मानवेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में नायाब तहस. ीलदार भूपेन्द्र सिंह ने कैम्प कार्यालय में समस्याओं को लेकर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों की जन सुनवाई करते हुए फरियादियों को शीघ्र ही निस्तारण करवाएं जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान उन्होंने, ,कब्जा, पेंशन, खतौनी आदि से संबंधित जन सुनवाई की गई है।

नायाब तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह ने आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं की जन सुनवाई की। जो भी व्यक्ति अपनी अपनी समस्या को लेकर आता है उनको गंभीरता से सुनकर समय रहते निस्तारण भी करते है। शाम तक सुनवाई के दौरान लोगो के शिकायती पत्रों की कर्मचारियों निस्तारण करने केलिए निर्देश देते है। फरियादियो को आश्वाशन देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जायेगा। जनसुनवाई के बाद अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन सुनवाई के दौरान दर्ज शिकायत का मौके पर जाकर जांच करते हुए सही निस्तारण करे।

जन सुनवाई के दौरान 6 शिकायते दर्ज की गई जिन मे से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। जन सुनवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल के अलावा, मनीष कुमार, नाथीराम सुरेंद्र आदि कर्मचारीगण, मोजूद रहे।

## विरोध के चलते कब्जा लेने पहुंची टीम बैरंग लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में रविदास मंदिर के पीछे की ओर खाली पड़ी हुई जमीन पर जेसीबी चलाकर कब्जा करने के लिए पहुंची नगर पंचायत की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध करने के बाद बैरंग लौटना पड़ा।

बतातें चले कि रविवार को देर शाम के समय नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की एक टीम जेसीबी मशीन लेकर रविदास मंदिर के पीछे खाली पड़ी जमीन पर पहुंची थी। जैसे ही टीम ने वहां पर लगे कूड़े के ढेरों तथा वहां पडी लकडियों को हटाना शुरू किया तो तभी पता चलते ही वहां स्थानीय लोग एकत्र होना शुरू हो गए। जो कि पंचायत द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। इस दौरान पंचायत कर्मियों द्वारा बताया गया कि यह जमीन नगर पंचायत की है व उक्त जमीन पर पंचायत वृक्षारोपण का कार्य करेगी।

लेकिन लोग अपने विरोध पर अडिग थे और लोगों के विरोध को देखते हुए पंचायत टीम बैरंग लौट गई। वहीं स्थानीय निवासी आकाश काशी ने बताया कि यह जमीन कस्बे के जमींदार स्व. विनोद कुमार जैन की पत्नी राजुल जैन ने 23 दिसंबर 2005 में अनुसूचित जाति के 23 लोगों को स्वेच्छा से दे दी थी। राजुल जैन ने सभी 23 लोगों को अलग-अलग सहमति पत्र बना कर भी दे दिए थे। इस जमीन पर नगर पंचायत का कोई अधिकार नहीं है। इस जमीन पर लंबे समय से क्षेत्र के लोग अपने उपले तथा लकडियां रखते आ रहे हैं व पशुओं का भी गोबर डालते हैं।

## मस्जिद ध्वस्तीरण की ली जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** युवा सेवा समिति मेरठ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बदर अली ने भोजपुर तगा गांव में पहुंचकर लोगों से मस्जिद धवस्तीकरण के मामले में जानकारी ली। साथ ही उन्होने शांति बनाये रखने की अपील करते हुए कानूनी तरीके से यह लड़ाई लड़ने की बात कही।

ज्ञात हो कि बृहस्पतिवार को भोजपुर तगा गांव में तीन भाईयों द्वारा अपनी निजि जमीन पर बनायी जा रही मस्जिद को प्रशासन द्वारा बिना अनुम. ति व अवैध निर्माण बताते हुए धवस्त कर दिया था। जिससे एक ओर जहां ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष है, तो वहीं राजनितिक गलियारे में भी हलचल तेज होती जा रही है। इसी प्रकरण को लेकर गांव में आये दिन किसी न किसी राजनैतिक पार्टी के नेताओं व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं का आना जाना लगा हुआ है। इसी कडी में सोमवार को युवा सेवा समिति मेरठ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बदर अली भी अपने साथियों के साथ गांव भोजपुर तगा में पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ खेडा मवात ग्राम प्रधान राव अब्दुल हई व फिरोजाबाद ग्राम मंजूर कुरैशी भी मौजूद रहे।

## नमाज पढ़ने जा रहे युवक पर चाकू से हमला

**अंबेहटा।** नमाज पढ़ने जा रहे युवक पर तीन लोगों ने किया चाकू से हमला युवक घायल।



नकुड कोतवाली अंतर्गत अबेहटा के मोहल्ला गुहा निवासी नासिर रविवार की शाम को वह नमाज पढ़ने मस्जिद में जा रहा था कि रास्ते में तीन लोगों ने उसे घेर लिया तथा चाकू से हमला किया जिसमें नासिर घायल हो गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। नासिर ने तीन लोगों को नामजद करते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीणों ने पकड़ा नाग नागिन का जोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** नाग नागिन को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम खाली हाथ वापस लौटी ग्रामीणों ने नाग नागिन को पकड़कर जंगल में छोड़ा।

कोतवाली बेहट के गांव कम्बोहमजरा में मुकेश कांबोज के घेर में पिछले बीस दिन से नाग नागिन का जोड़ा बसेरा जमाये हुए था। जिससे परिवार सहित आस पड़ोस के ग्रामीण भयभीत थे। पीडित मुकेश कांबोज ने बताया कि घेर में उसकी दस गाय व छोटे छोटे बच्चे रहते है जिससे लगातार दहशत का माहौल बना रहता है।

सोमवार को सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा बहाना बनाकर बैरंग वापस लौट आयी ग्रामीणों ने लगभग चार घंटे रेस्क्यू चला नाग नागिन के जोड़े को पकड़ कब्जे में लिया तथा वन विभाग की टीम को सूचित किया लेकिन टीम नाग नागिन को जंगल में छोड़े जाने की ग्रामीणों को बात कहते हुए मौके पर नही पहुंची। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने नाग नागिन के जोड़े को जंगल में छोड़ राहत की सांस ली।

## भाकियू ने सौंपा मांगों का पांच सूत्रीय ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भाकियू की नगर इकाई ने पांच सूत्रीय ज्ञापन कोतवाली प्रभारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा है। उन्होंने शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग की है।

जिला सचिव बृजपाल सैनी, नगर अध्यक्ष मेहरबान कुरैशी के साथ कोतवाली में गए किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सरकार द्वारा गांव दर गांव वाटर टैंक तो बनवा दिए हैं लेकिन फतेहपुर ढोल्ला, सांगाठेड़ा, धलापड़ा, बुढनपुर समेत अन्य कई गांवों के घरों में पानी नहीं आया। जिनको शीघ्र ही चालु कराया जाए। नगर अध्यक्ष मेहरबान कुरैशी ने आरोप लगाया कि रात भर अवैध गाडियों से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है जिस कारण किसान परेशान हें। यही स्थिति मिट्टी की भी है। गंगोह से लखनौती, दौलतपुर, मानपुर व करनाल के लिए परिवहन निगम की बसें चलाई जाए जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। गांवों में खोदी गई सडकों की शीघ्र ही मरम्मत कराई जाए जिससे ग्रामीणों को परेशानी से बचाया जा सके।

**सूचना**

मैने अपने पुत्रों शाहनवाज व उसकी पत्नि अन्सरा, शानू उर्फ उसमान व उसकी पत्नि मुमताज को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति कलसुम पत्नी स्व. इलियास निवासी ग्राम जैतपुर खुर्द, थाना बेहट, जिला सहारनपुर।**

## ईद उल अजहा शांतिपूर्वक मनाने को बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** माहेश्वरी कलां गांव में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी सहित ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान सहित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

सोमवार को महेश्वरी कलां के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने कहा कि आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को परंपरागत तरीके एवं शांतिपूर्ण रूप से मनाए। ईद की नमाज ईदगाह परिसर में ही पढ़ें, सड़क पर नमाज न पढ़े, ईद पर प्रति. बंधित जानवर की कुर्बानी न करे, कुर्बानी की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डाले, छोटे बच्चों को बाइक चलाने के लिए न दे। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को मुहैया कराए। यदि किसी भी शख्स ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो ऐसे शख्स से पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटने के लिए तैयार है।

ग्राम प्रधान जाकिर अंसारी ने कहा कि यदि हम सभी एक दूसरे की धार्मिक भावनाओ का ख्याल रखते हुए त्यौहार मनाये तो कभी भी कोई भी समस्या पैदा नही होती। उन्होंने सभी लोगो से कुर्बानी को पर्दे में करने व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए करने को कहा। इसके अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य मुद्दसिर अली, अब्दुल बारिक प्रधान, नाहिद प्रधान, सिफतेंन प्रधान आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर थाना एसआई अंकित कुमार, ग्रामवासी उजैर, उवैश, सद्दाम, जुल्फान आदि सहित सैंकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने छह वारंटी किए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी सिटी व्योम बिंदल, सीओ नकुड़ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने शहजाद पुत्र इद्रीश निवासी मौहल्ला इकराम रामपुर को आर्म्स एक्ट 25 व सोनू पुत्र मकसूद उर्फ काला निवासी मौहल्ला मनिहारान, अमित पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम पहांसु, बिरम पुत्र हिरदाराम उर्फ छंगा निवासी ग्राम चाँदनपुर, आशु पुत्र महिपाल निवासी मौहल्ला कायस्थान इसके अलावा शोसिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी रेलवे कालोनी शिवपुरी रामपुर मनिहारान सहित सभी अभियुक्तों को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। बाद में पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

# अतिक्रमणकारियों से वसूला जुर्माना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए हाईवे पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूला। इस दौरान भविष्य में अतिक्रमण किये जाने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी गई।

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने नगर पालिका परिषद की टीम के साथ कचहरी से लेकर मंगलौर रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान फ्लाईओवर के नीचे और हाईवे पर दोनों ओर लोग अतिक्रमण किए हुए मिले। जिनसे प्रशासन ने करीब चार हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। बहुत से लोग सामान समेट कर इधर-उधर भागते दिखाई दिए। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि आईंदा अतिक्रमण पाया जाता है तो सभी सामान जब्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पालिका ईओ डॉ. धीरेंद्र कुमार राय, पोपिन कुमार, विकास चौधरी, बिरला सूद, साजिद हसन, शोभित, योगेश सिरोही आदि मौजूद रहे।

# पड़ोसी के घर में चोरी कर कीमती सामान व नकदी पर किया हाथ साफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मामा के यहां रहने आए युवक ने पड़ौसी के घर में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए कीमती मोबाइल ओर पचास हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लबकरी निवासी मुस्तेहसन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि फुलास अकबरपुर निवासी एक युवक गांव में अपने मामा के यहां रिश्तेदारी में आया हुआ है। आरोप है कि बीती रात उक्त युवक उसके घर में घुस आया और वहां रखे करीब पौने दो लाख रुपये की कीमत के दो मोबाइल और पचास हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घर से मोबाइल गायब हो जाने पर जब उसने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग चौक की तो चोरी की घटना का पता लगा।

कहा कि आरोपी अपराधी किस्म का है और पहले भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। तहरीर में नामजद आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल और नकदी बरामद कराए जाने की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सीओ से अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर में बढ़ते अतिक्रमण से नाराज उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच के पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दो सूत्रीय ज्ञापन दिया

उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच के संस्थापक चौ. ओमपाल सिंह के नेतृत्व में मंच पदाधिकारियों ने सीओ कार्यालय पहुंच पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पराशर को दो सूत्रीय ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया हैं कि नगर में बढ़ते ई रिक्शाओ से आए दिन जाम कि स्थित पैदा हो जाती है जाम लगने से लोगो को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं नगर के फ्लाईओवर के नीचे भी लोगो द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया हुआ है अतिक्रमण के कारण वहां भी आए दिन जाम लगता रहता है उन्होने पुलिस क्षेत्राधिकारी से जल्द से जल्द नगर को अतिक्रमण से मुक्त कराये



जाने की मांग की ज्ञापन देने वालो में सुखबीर सिंह, कय्यूम, अनजर, मास्टर हनीफ आदि मंच पदाधिकारी शामिल रहे।

# संगठन की मजबूती के लिए किया जाएगा कार्य: शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** समाज सेवा संगठन के उत्तर भारत के श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. सतेंद्र शर्मा को अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय द्वारा प्रभारी बनाए जाने पर आयोजित कार्यक्रम में पं. सतेंद्र शर्मा का स्वागत किया गया।

मां बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर में अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पं. सतेंद्र शर्मा ने अपने मनोनयन के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज पाल सिंह उपाध्याय का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह निष्ठा से निर्वहन करते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उत्तर भारत में संगठन का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। समाज की सेवा के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत समर्थकों व शिष्यों ने पं. सतेंद्र शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत योगेंद्र कुमार, शामली से पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित कुमार, सेवानिवृत्त एसडीओ विद्युत कंव. रपाल सिंह, शिवानी त्यागी बुढ़ाना, लक्ष्मी, उपा.



सिका, आशीष कुमार, देवेंद्र कुमार, रोनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# फायरिंग के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** लखनौती गांव में फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद एक आरोपी को गिफ्तार किया है। जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य लोग अभी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी को लगातार दबिश दे रही है। बता दें, कि 31 मई को खेड़ी आसा निवासी अचिन ने साथियों के साथ लखनौती गांव निवासी फूफा संजय त्यागी के घर में घुसकर फायरिंग की थी। इसमें एक गोली संजय को लगी थी। जबकि मारपीट के दौरान उसकी बुआ संगीता का एक हाथ टूट गया था। मामले में घायल के भाई सत्यवान की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर अचिन, आर्यन उर्फ गोलू, मोनू उर्फ वितुल, साखन कलां निवासी रोहन उर्फ कल्लू, जनपद मुजफ्फरनगर के मेघा शकरपुर गांव निवासी अंकुल गुर्जर को नामजद



किया था। सोमवार को पुलिस ने मोनू उर्फ वितुल को खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र से कासिमपुरा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# व्यापारियों ने मुख्य मंत्री को भेजा ज्ञापन

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत हो रही कार्रवाई से व्यापारियों की परेशानी से अवगत कराया। ज्ञापन में खेती में प्रयोग होने वाले कीटनाशक व रासायनिक खादों के मानक तय होने, टर्नओवर की सीमा को बढ़ाकर 40 लाख रुपये करने, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्रावधान खत्म कर जुर्माना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस फीस का दोगुना किए जाने आदि मांग की। ज्ञापन देने वालों में दीपक गर्ग, जयेंद्र शर्मा, अजय कुमार, इरशाद, जयपाल धीमान, रजनीश कुमार आदि शामिल

# पुलिसकर्मियों पर गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिड़की पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर पत्र देकर सिड़की पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाई किये जाने की गुहार लगाई हैं।

नागल थानाक्षेत्र के दानियालपुर उर्फ नोजली गांव निवासी अक्षय डोगरा भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचा और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीओ रविकांत पाराशर को दिए पत्र में बताया कि रविवार की शाम वह घर के बाहर खड़ा था। तभी सिड़की चौकी पुलिस गाड़ी में वहां पहुंची और एक व्यक्ति का घर पूछने लगे। उसने घर बता दिया, लेकिन वह साथ चलने को कहने लगे। आरोप है कि मना करने पर उन्होंने गाली गलौज करनी शुरु कर दी। यही नहीं उसे गाड़ी में डाल लिया और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं उसे नागल थाना में लाकर बिठा दिया गया। काफी समय बाद जिम्मेदार लोगों ने उसे छुड़ाया। सीओ का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कैंप में 473 कैडेट्स ने लिया हिस्सा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सोमवार को शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में 85 यूपी बटालियन शामली के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। आज पहले दिन कैंप परिसर में 473 कैडेट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कैंप में पहुंचने पर सर्वप्रथम लेफ्टिनेंट विपिन कुमार, सूबेदार राघवेंद्र के नेतृत्व में कैडेट्स के डॉक्यूमेंट्स चेक किए गए तथा चीफ ऑफिसर अशोक कुमार, लेफ्टिनेंट शिवकुमार तथा हवलदार ओमप्रकाश के नेतृत्व में कैडेट्स को लिविंग एरिया में रूम आवंटित किए गए जहां पर कैडेट्स ने अपना लिविंग लेआउट किया। इसके पश्चात कैंप कमांडेंट कर्नल मनीष सिन्हा तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला ने कैडेट्स को कैंप के दौरान अनुशासित तरीके से मिलजुलकर रहने के लिए तथा टीम भावना के साथ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसी क्रम में कहा कि कैंप का उद्देश्य कैडेट्स के अंदर टीम भावना उत्पन्न करना तथा परिस्थितियों से समावेश करना भी होता है और साथ ही साथ जाति धर्म आदि से ऊपर उठकर एक दूसरे के जाति, धर्म, संस्कृति को सम्मान देकर एकजुटता की भावना भी विक. सित करना होता है। अत: सभी कैडेट्स कैंप के दौरान अनुशासन का पालन करे यदि कोई भी कैडेट अनुशासनहीनता में लिप्त पाया जाता है तो उसे कैंप से ही नहीं एनसीसी से



भी बाहर कर दिया जाएगा। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट शिवकुमार, चीफ ऑफिसर नीरज कुमार, सेकंड ऑफिसर लक्ष्मी गर्ग, लेफ्टिनेंट आशीष कुमार, हवलदार कपिल, सुनील दत्त, रणबीर सिंह, संजीव पंवार, मदन कुमार,कंवरपाल आदि मौजूद रहे।

# मजहब के आधार पर मदरसों व मस्जिदों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई: मदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसे हमारी दुनिया नहीं, धर्म हैं, ये हमारी पहचान हैं और हम अपनी पहचान को मिटने नहीं देंगे। उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड, असम और हरियाणा तक मदरसों और मस्जिदों के खिलाफ कार्रवाई मजहब की बुनियाद पर की जा रही है, जो लोकतंत्र की हत्या के समान है।

सोमवार को मीडिया में जारी बयान में मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि आज जिन मदरसों को गैरकानूनी कहकर जबरन बंद कराया जा रहा है, ये वही मदरसे हैं जहां से सबसे पहले अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आवाज उठी थी। हमारे बड़ों की डेढ़ सौ साल की कुर्बानियों के बाद यह देश आजाद हुआ था। मौलाना मदनी ने दो टूक कहा कि मदरसों के खिलाफ साजिशें एक विशेष विचारधारा है ताकि बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों के खिलाफ खड़ा कर सत्ता पर काबिज रहा जा सके। कहा कि भारत सेक्युलर देश है, यहां धर्म की बुनियाद पर किसी एक समुदाय के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। कहा कि हालात चाहे जैसे भी हों, हमें मायूस होने की जरूरत नहीं है। बल्कि हौसले, ईमानदारी और अज्म



के साथ इन हालात का सामना करना होगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने आजादी से पहले और उसके बाद देश में अमन, भाईचारे और एकता के लिए कोशिश की है और हर अन्याय और जुल्म के खिलाफ संघर्ष किया है और आगे भी पूरी ताकत से करती रहेगी। हम लोकतंत्र, संविधान की सर्वोच्चता और मदरसों की रक्षा के लिए कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेंगे। मौलाना मदनी ने बताया कि जमीयत ने एक आर्किटेक्ट पैनल का गठन किया है जो मस्जिदों और मदरसों की निर्माण संबंधी जरूरतों, नक्शा पास कराने, जमीन के दस्तावेजी समाधान में मदद करेगा। हमारा लीगल पैनल पहले से ही हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक सैकड़ों केसों कैस मजबूती के साथ लड़ रहा है।

# पुलिस ने आरएएफ के साथ किया फ्लैग मार्च



शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** ईद उल अजहा त्यौहार के मद्देनजर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत सहायक कमांडेड आरएएफ के साथ फ्लैग मार्च कर शांति का सन्देश दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी शनिवार को ईद उल अजहा के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ राजेश कुमार सोलंकी एवं थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन के कंपनी उप कमांडेंट सत्यवीर सिंह मय फोर्स के साथ संवेदनशील क्षेत्रों व कस्बा अफजलगढ़ के विभिन्न मौहल्लों जसपुर तिराहा, ढ़ाली बाजार, मस्जिद चौक, सर्राफा बाजार, होली चौक व ग्रामीण क्षेत्रों भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि में फ्लैग मार्च कर शांति का संदेश दिया एवं लोगों से शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

# शराबियों की दबंगई से महिलाएं परेशान

## शराब की दुकान हटाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** शहर के सूर्य नगर कॉलोनी के निवासियों ने जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि शराब की दुकान के चलते क्षेत्र की महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैतरा रेलवे फाटक के पास स्थित देशी शराब की दुकान (हट्टी संख्या-2) से शराब खरीदने वाले लोग आस-पास खड़े वाहनों की आड़ में खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। कुछ असामाजिक तत्व रेलवे लाइन किनारे भांग पीते हैं और धूम्रपान भी करते हैं। यह स्थिति सुबह से लेकर देर शाम तक बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अक्सर शराबियों को नशे में धुत होकर सड़क पर उल्टी करते या



मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा जाता है। महिलाओं ने बताया कि कई बार शराबी अभद्र टिप्पणियाँ भी कसते हैं, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पास ही एक मंदिर है, जहां जाने के लिए यही मार्ग है। शराबियों की उपस्थिति के कारण महिलाएं और बुजुर्ग वहां जाने से कतराने लगे हैं। साथ ही बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उक्त शराब की दुकान को धार्मिक स्थल और रिहायशी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाकियू की मासिक बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरूकी।** आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बरूकी क्षेत्रीय मासिक पंचायत ग्राम बरुकी में संपन्न हुई। जिसमें 15 जून से हरिद्वार में होने जा रहे तीन दिवसीय किसान महाकुंभ चिंतन शिविर ब क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया की बरुकी क्षेत्र के कार्यकर्ता कल (अरज) से 15 जून को हरिद्वार में होने जा रहे तीन दिवसीय किसान महाकुंभ चिंतन शिविर में क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर किसानों से जनसंपर्क कर किसान महाकुंभ चिंतन शिविर में चलने के लिए जागरूक करेंगे। पंचायत में जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी, ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, क्षेत्र संगठन अध्यक्ष अमरदीप सिंह, तिलकराम खौबे, बेगराज सिंह, मिंदर सिंह, नरपल सिंह, राजवीर सिंह, मनपाल सिंह, राधेश्याम, धर्मवीर सिंह, कार्मेंद्र

## महाकुंभ चिंतन शिविर के लिए करेंगे जनसंपर्क

सिंहआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षत्रिय महासंघ का 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम

**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में राजपूताना रिसोर्ट में एक विचार-विमर्शात्मक कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जनसंख्या नियंत्रण: समय की मांग व राष्ट्र की आवश्यकता' रहा, जिस पर वक्ताओं ने गहन चिंतन, तर्कसम्मत विश्लेषण और समाधानपरक सुझाव प्रस्तुत किए। सभा में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े बुद्धिजीवियों, सामा. जिक प्रतिनिधियों और विचारशील व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने की। उन्होंने कहा, हमारा संगठन केवल सामाजिक मुद्दों की चर्चा तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. मनोज प्रताप सिंह ने जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. एन.पी. सिंह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए नीति निर्माण और राजनीतिक इच्छाशक्ति आवश्यक है। नागेश्वर दयाल गहलोत ने ऐतिहासिक संदर्भो के साथ वर्तमान परिस्थितियों की तुलना कर इस विषय की गंभीरता



स्पष्ट की। डॉ. आर.के. चौहान ने शिक्षा और जनजागरूकता को समाधान का सबसे सशक्त माध्यम बताया। डॉ. वी.के. सिंह ने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए संभावनाओं की चर्चा की। संयोजक डॉ. रवेंद्र सिंह एवं संरक्षक श्याम सिंह ने संगठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। धनंजय सिंह डॉक्टर, अनिल कुमार सिंह, आशीष राजपूत, नीरज कुमार सिंह एडवोकेट, ठाकुर रविकांत, प्रीतम सिंह, मदनपाल सिंह, जयवीर सिंह एडवोकेट आदि रहे।

# निराश्रित दिव्यांगजनों को दिया जाएगा अनुदान

**बिजनौर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया है कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र लखनऊ द्वारा संचालित मान. सिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिये आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन के लिये यथा निर्धारित कार्यों के लिये स्वैच्छिक संगठनों को आवश्यक पात्रता के आधार पर अनुदान दिये जाने के लिये अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि हाई स्कूल के प्रमाण पत्र में मेरे पिताजी का नाम PHAGGAN SINGH अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे पिताजी का शुद्ध नाम फग्गन सिंह FAGGAN SINGH है। PHAGGAN SINGH और FAGGAN SINGH एक ही व्यक्ति है। जो मेरे पिता जी हैं। अत: PHAGGAN SINGH और FAGGAN SINGH को एक ही व्यक्ति समझा जाए।

**विनोद कुमार पुत्र श्री फग्गन सिंह**
गांव व पोस्ट रणखंडी, तहसील देवबन्द, जिला सहारनपुर।

**सूचना**

मैं अपने समस्त मायके वालों से परेशान हूं यह आए दिन मुझसे झगड़ा करते हैं मैंने परेशान होकर अपनी बहनों फरहाना ,इसरत, इरम, बुशरा भाई आशु व आसिफ भाभी सानिया मां शबनम पिता यमीन से अपने संबंध विच्छेद कर लिए भविष्य में मेरे परिवार का इनसे कोई लेना देना नहीं रहा अपने हर कार्य के ये लोग खुद जिम्मेदार होंगे मेरी वे मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शबाना पत्नी रिजवान
मोहल्ला घास मंडी निकट
खुशी पैलेस देवबंद (सहारनपुर)

# आईपीएलः श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था। बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुक.ाबले में मुंबई ने टास जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने

### आईपीएल-2025 फाइनल मैच आज शाम 7:30 बजे

## बड़े मौकों पर संयम से अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती हैः श्रेयस

**अहमदाबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि बड़े मौकों पर जब आप संयम रखते है तो आपके अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेश अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आरसीबी के खिलाफ हार के बाद हमने इस पर अधिक बात नहीं की कि हमने कहां गलती की। हमें पता है कि हमने इस सत्र कैसा क्रिकेट खेला है। भले ही कुछ खिलाड़ियों को बड़े मौको पर खेलने का अनुभव नहीं है लेकिन वे साहसी हैं। युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों अय्यर ने कहा कि मैं उन्हें अधिक निर्देश नहीं देता, बस उन्हें उनके अंदाज़ में खेलने देता हूं। उनमें जो निडरता है, वही मुझे पसंद है। भले ही अनुभव कम हो, लेकिन उनके पास विचार होते हैं और वो उन्हें साझा भी करते हैं। आखिर में उन्होंने कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

# धीमी ओवर गति के लिए अय्यर-हार्दिक पर लगा जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरु हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

इस सत्र में पंजाब किंग्स की दूसरी बार धीमी ओवर रेट की गलती हुई इसलिए उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस की ओर से इस तरह की तीसरी गलती होने के कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, हालांकि पंजाब किंग्स के शेष खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो का जुर्माना लगाया गया। वहीं मुंबई के खिलाड़ियों पर यह राशि 12 लाख रुपये या 50 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि यह मुंबई इंडियंस की तीसरी धीमी ओवर रेट की गलती थी फिर भी हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ा जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 में झेलना पड़ा था। इसके कारण वह नए नियम लागू होने से पहले, आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

# बेंगलुरु-पंजाब अपना पहला खिताब जीतने उतरेंगी

- पंजाब किंग्स 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में हुई कामयाब
- आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में है

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है।

जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालीफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था। आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146-53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है। पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंग.लिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## क्वालिफायर-2 में जीत के बाद प्रीति जिंटा ने किसे मारी आंख !

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालि.कन प्रीति जिंटा काफी खुश नजर आईं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक खिलाड़ी को आंख मारती दिख रही हैं। दरअसल, यह घटना मैच के बाद की है। प्रजेंटेशन सेरेमनी से पहले मशहूर अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा मैदान पर पहुंचीं। जीत के बाद वह काफी उत्साहित लग रहीं थीं। वह अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें प्रीति को पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को आंख मारते देखा जा सकता है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिख रहा है उसकी जर्सी का नंबर 19 है, जो कि नेहाल वढेरा पहनते हैं। फैंस इस वीडियो को साझा कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पंजाब की टीम ने 2014 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया।




# डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को शानदार मुकाबले में मात दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनके ही देश में हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खेल में एक समय कार्लसन का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन गुकेश ने कार्लसन की खामियों का फायदा उठाते हुए बाजी पलटकर क्लासिकल मैच में शानदार जीत हासिल की। गुकेश की इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर 1-1 हो गया है। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारुप में विश्व चैंपियन कार्लसन को मात दी हो। इससे पहले आर- प्रग्गनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया था।

### खेल विशेष

## राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है।

उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

# पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

- मोहम्मद हारिस ने नाबाद 107 रन और सैम अयूब ने 45 रनों की शानदार पारी खेली

**लाहौर, वार्ता।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुक.ाबले में बंगलादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी बांगलादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो- तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज साहिब.जादा फरहान (एक) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने सैम अयूब 29 गेंदों में (45) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हसन नवाज 13 गेंदों में (26) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोहम्मद हारिस ने 46 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी


- अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबले में जीत दर्ज की

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें)मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाजू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें



मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैक्सवेल ने आज फाइनल वर्ड पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष 2022 में पैर टूटने के बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में असहज महसूस कर रहे थे। इससे टीम को नुकसान पहुंच रहा था। इसलिए मैंने एकदिवसीय क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट के उपलब्ध रहेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे लगा कि मेरे शरीर की प्रतिक्रिया टीम को नुकसान पहुंचा रही है। मैंने इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की। हम दोनों के बीच 2027 विश्वकप को लेकर चर्चा हुई, मैंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं तब तक खेल पाऊंगा। अब समय है कि इस जगह के लिए किसी अन्य खिलाड़ी को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि अगर मैं स्वयं बेहतर मानता हूं तो मैं अपनी जगह नहीं छोड़ूंगा। मैं केवल स्वार्थ के कारण कुछ श्रृंखला के लिए पकड़ बनाए रखना नहीं चाहता। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह निर्णय उन्हें अगली विश्वकप योजना के लिए बेहतर रास्ता देगा। मैक्सवेल ने एक दिवसीय क्रिकेट में 3990 रन, 33.81 की औसत से और 149 मैचों में 77 विकेट लिए है। उन्होंने 2011 में केवल 19 गेंदों में ऑस्ट्रेलियाई घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया था। उन्होंने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ

## क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। क्लासेन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टग्राम पर लिखा कि यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने कि घोषण कर रहा हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा होगा। यह वास्तव में एक बहुत ही कठिन निर्णय था, लेकिन साथ ही मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 एकदिवसीय और 58 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने चार टेस्ट में 104 रन, 60 एकदिवसीय में 2141 रन और 58 टी-20 में एक हजार रन बनाए।

---

नाबाद 201 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

## स्टुअर्ट ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोचिंग में पहली भूमिका होगी। 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की तैयारी में मदद करेंगे। ब्रॉड नौ जून होने वाले अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक 153 विकेट लिए है।

# पक्षियों की आकस्मिक मौतों का लें संज्ञान: शुभम

## बर्ड फ्लू से निपटने को लेकर की जा रही तैयारियों के बीच डीएफओ ने दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीएफओ शुभम सिंह ने बर्ड फ्लू से बचाव हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए कोई भी प्रकरण मिलने पर तत्काल ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये।

कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बर्ड फ्लू को लेकर आयोजित बैठक में डीएफओ शुभम सिंह ने जरूरी दिशा निर्देश दिये। शुभम सिंह ने निर्देश दिए कि पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कुक्कुट पालकों से लगातार सम्पर्क स्थापित किया जाए जिससे कि पक्षियों की मृत्यु की दशा में विभाग को तत्काल सूचना मिल सके। अधिक कुक्कुट ईकाईयों वाले क्षेत्र में अधिक सतर्कता बरती जाए। उन्होने निर्देश दिए कि पशुपालन विभाग के अधिकारी वन विभाग के अधिकारियों के लगातार सम्पर्क में रहें जिससे कि वन क्षेत्रों में किसी भी प्रजाति के पक्षियों की आकस्मिक एवं असाधारण मृत्यु के मामले में तत्काल कार्यवाही की जा सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा प्रकरण की जानकारी निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, प्रमुख सचिव पशुधन विभाग, जिला मजिस्ट्रेट एवं राजस्व विभाग को ई-मेल द्वारा तत्काल दी जाए।

डीएफओ ने निर्देश दिए कि पोल्ट्री एवं प्रवासी पक्षियों का गहनतापूर्वक एवं गंभीरतापूर्वक सर्विलांस किया जाए। एवियन एन्फ्लुएन्जा की रोकथाम, नियंत्रण और रोकथाम के लिए कार्ययोजना के अनुसार दिशानिर्देशों का पालन पोल्ट्री और मनुष्यों में रोग के प्रसार को रोकने के लिए किया जाए।

इस अवसर पर डीएफओ श्वेता सैन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एमपी सिंह गौर, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं पोल्ट्री फार्म स्वामी उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार में गिरफ्तार

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी और एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गागलहेड़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा भगवानपुर तिराहे के पास चेकिंग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति गांव हरियाबांस की और से आता हुआ दिखाई देने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस टीम ने उसे दौड़कर पकड़ लिया पकडे जाने पर पूछताछ करने पर निगम पुत्र धर्मेंद्र निवासी गांव साखन कला थाना देवबन्द बताया जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। वही मुखबिर की सूचना पर काफी दिनों से फरार चल रहे एक शातिर चोर शहबाज पुत्र महताब निवासी गांव उग्राहु थाना गागलहेड़ी को मीट फैक्ट्री पर जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया

# ढमोला नदी के किनारों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बरसात में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए जहां नगर निगम अपनी जेसीबी मशीनों से ढमोला नदी की सफाई करा रहा है वहीं दूसरी ओर पांवधोई व ढमोला नदी के किनारों को भी साफ रखने के लिए सफाई निरीक्षकों को अलग से जिम्मेदारी दी गयी है।

अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय ने आज ढमोला नदी के किनारों का निरीक्षण किया। अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय ने नगर निगम द्वारा जेसीबी से करायी जा रही ढमोला सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को नदियों को प्रदूषित न करने के लिए जागरुक करने पर जोर दिया। अपर नगरायुक्त ने निगम के स्वास्थय विभाग के अधिकारियों को उक्त क्षेत्रों में कूड़ा कचरा एकत्रित करने वालों को और अधिक सक्रिय कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शत-प्रतिशत कराने को कहा। अपर नगरायुक्त द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार 05 जून से 13 जून तक ढमोला के किनारों का सफाई अभियान शुरु किया जायेगा। 05 जून को विश्वकर्मा चौक ढमोला पुल से कपिल विहार हकीकत नगर होते हुए टैगोर गॉर्डन साकेत कॉलोनी तक, 06 जून को गोपाल नगर/केशव नगर ढमोला पुल, 7 जून को विनोद विहार चांदमारी कॉलोनी, 8जून को पिंजौरा पाइप वाला पुल, 9 जून को विश्वकर्मा चौक पुल से ब्रजेश नगर गिल कॉलोनी होते हुए रेलवे लाइन पुल, 10 जून को चमन पैलेस वाले पुल के पास तथा 13 जून को सपना टाकिज पुराने पुल से पांवधोई नदी के पास बने नये पुल तक सफाई अभियान चलाया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल तथा पार्षद अमित त्यागी भी मौजूद रहे।

# हृदय गति रुक जाने से सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद का निधन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद शर्मा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया, जिनका आज गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ता, राजनेता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के दो बार अध्यक्ष रहे अरविंद शर्मा का बीती रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। आज सुबह जैसे ही अधिवक्ता अरविंद शर्मा के निधन की सूचना लोगों को मिली तो उनके बापूजी नगर स्थित आवास पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आज दोपहर बाद हकीकत नगर स्थित शमशान घाट पर नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार किया किया गया।

**जाने माने अधिवक्ताओं में शामिल थे अरविंद शर्मा**

इस दौरान सांसद इमरान मसूद, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, नगर विधायक राजीव गुंबर, मेयर डा. अजय सिंह, अधिवक्ता ऐसोसिएशन की तरफ से अध्यक्ष अभय सैनी, महासचिव अजय कौशिक ने दिवंगत अधिवक्ता के घर जाकर उन्हें आधिकारिक श्रद्धांजलि दी गई। आज बार भवन में भी एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। आज शोक के कारण अधिवक्ताओं ने किसी तरह का न्यायिक कार्य नहीं किया और शौकाकुल रहे।

# बसपा केवल पार्टी नहीं, बल्कि एक मिशन: बेनीवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोर्डिनेट रणधीर बनेवाली ने कहा कि बसपा पार्टी नहीं बल्कि एक मिशन है।

रणधीर बेनीवाल ने यह बात रामनगर अंबेडकर भवन में पार्टी की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा आज देश में चारों ओर अराजकता का माहौल है जनता विकास और रोजगार से पूरी तरह वंचित है महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ के रख दी है। बहुजन समाज पार्टी की सरकार में रोजगार और विकास की बाढ़ सी छा गई थी, हर समाज के व्यक्ति को सम्मान ओर रोजगार मिलने का काम हुआ था, लेकिन आज की सरकारों में कुछ उद्योग ?पतियों को छोड़कर किसी भी समाज को सम्मान नहीं है।

मण्डल कोर्डिनेटर डॉ. मेघराज सिंह जरावरे व मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम ने कहा कि जब तक कार्यकर्ताओं में भाईचारा पैदा नही करोगे तब तक कुछ होने वाला नही है। वर्ष 2007 की तरह आप आम जन से जुडकर बहन जी के शासन को याद कराए। पुंवारका ब्लाक प्रमुख मेहरबान ने एकजुटता का आहवान किया। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि पूरे जिले में बसपा को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोडी जा रही है। बहनजी के आदेशानुसार अब प्रत्येक बूथ पर बसपा फिर से मजबूत ताकत के रूप में उभरेगी।

बैठक में जिला प्रभारी रजनीश उजाला, सलीम मलिक इंजीनियर, जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, रजनीश बन्धु, सुनिस प्रधान, के आर बाटला, बुद्ध प्रकाश, ऋषिपाल पूर्व प्रमुख, सुशील कुमार, एस आलम, वेदप्रकाश, वेदपाल गोतम, राजू पाल. ीवाल, सुखबीर प्रधान, स्वराज पार्षद, शीतल, नरेंद्र कुमार, ओमपाल सिंह, रतिराम गौतम आदि ने अपने विचार रखे।

बैठक में सुंदरलाल, वीरेन्द्र पाल. ीवाल, धर्मेन्द्र कुमार, बीर सिंह, अरुण कुमार, रजनीश, गुलाब सिंह, सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता इसम सिंह प्रधान व संचालन जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने किया।

# प्रशिक्षण को टीम रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चीनी मिल नानौता की एक कृषक टीम गन्ना प्रशिक्षण हेतु जनपद बिजनौर की धामपुर चीनी मिल रवाना हो गयी है।

चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक जय प्रकाश द्वारा बताया गया कि मुख्यमन्त्री विशेष गन्ना कृषक प्रशिक्षण हेतु गन्ना आयुक्त के निर्देशानुसारं कृषको के उत्तम पेडी प्रबन्धन, ट्रेंच विधि सहफसली गन्ने की खेती आदि पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिये गये है कि कृषको की प्रति हे. उपज बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक चीनी मिल अपने क्षेत्र के किसानो को उन चीनी मिलो का भ्रमण कराये जहा पर कृषको द्वारा सहफसली ट्रेंच विधि से खेती एवं उत्तम पेडी प्रबन्धन के कार्य किये जा रहे है।

टीम को प्रधान प्रबन्धक चीनी मिल नानौता तथा अन्य अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# मेयर डा. अजय व विधायक गुंबर ने किया निर्माण कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज महानगर के दो वार्डो में नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ एक करोड़ के नये विकास कार्य शुरु किये। इसके अलावा वार्ड 30 में निगम निधि से निर्मित एक सड़क का भी लोकार्पण भी किया। महापौर ने कहा कि सहारनपुर हर रोज विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

महापौर डॉ.अजय कुमार ने आज वार्ड संख्या 21 में चार गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ सड़क पर गेंती चलाकर किया। चारों गलियों के निर्माण पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आयेगी। वार्ड 52 में भी एक नाले के निर्माण कार्य की शुरुआत की। इसी वार्ड के एक दूसरे नाले पर स्लैब डालकर उसे ढकने का कार्य भी किया जायेगा। इन दोनों कार्यो पर भी करीब 50 लाख का व्यय होगा। इसके अलावा वार्ड 30 में निगम निधि से 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित एक सड़क का रिबन काटकर लोकार्पण भी किया गया।

लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सहारनपुर हर रोज विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर में विकास की एक ऐसी धारा प्रवा. हित हो रही है जो पूरे शहर से होकर गुजर रही है। इसके अलावा भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षद कपिल धीमान, पार्षद राजकुमार शर्मा, पार्षद मनोज प्रजापति, पार्षद गौरव जैन व पार्षद नीरज शर्मा के अलावा पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, पूर्व पार्षद अजय शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा, गोपाल मेहंदी दत्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मंडल के लाभार्थियों व अभिभावकों से संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संयुक्त निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जयनार्थ यादव की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित कॉक्लियर इम्प्लान्ट योजना के तहत मण्डल के समस्त जनपदों के लाभार्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ सर्किट हाउस सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष के जनपद सहारनपुर के 7 बच्चें, मुजफ्फरनगर के 5 बच्चें एवं शामली के 5 बच्चे तथा उनके अभिभावकों के साथ संवाद किया गया जिसमें इस योजना से लाभान्वित लाभार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आने एवं

**जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आने एवं सुझावों पर की गई चर्चा**

उनके द्वारा दिये गये सुझावों पर वार्ता हुई।

संवाद कार्यक्रम में उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण राजकुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मुजफ्फरनगर दीक्षा उपाध्याय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शामली अंशुल चौहान के साथ जिला चिकित्सालय के नामित ईएनटी विशेषज्ञ डा. अमित सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्मिक उपस्थित कर्मचारीगण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ग्लोकल विवि में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित विदाई समारोह में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया, जिनमें नृत्य, गीत, कविता और नाटक शामिल थे। छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभवों को साझा किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एच. एस. सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह विदाई एक नई शुरुआत है। उन्होंने भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। साथ ही अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजामुद्दीन ने विद्यार्थियों के सफलता की कामना करते हुए उन्हें जीवन में मेहनत करने की सलाह दी। कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने भी विद्यार्थियों को उनके जीवन के नए चरण के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. मोहम्मद मजहर अफजल ने कहा कि विद्यार्थी अपने अच्छे व्यवहार और मेहनत से ग्लोकल विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।

समारोह का समापन चीफ प्रॉक्टर जमीरूल इस्लाम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों और शिक्षकगण डॉ. हिशामुद्दीन, शिव कुमार सिंह, वजीहा खान, अं. कता गर्ग, ललित कुमार और मोहम्मद फरहान, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद नावेदउल हक, फातिमा परवीन अकील, साक्षी लांबा, फराज खान, और शीबा भी उपस्थित रहे।

### अपमिश्रित खाद्य पदार्थों की तलाश में छापेमारी

**गंगोह।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अपमिश्रित खाद्य पदार्थो की तलाश में छापामारी व जांच अभियान दुसरे दिन भी जारी रखा।

टीम ने एक रबडी फालूदा विक्रेता की दुकान पर जांच कर खाद्य पदार्थों व डेयरी उत्पादों के सैंपल लिए। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवायें गए हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय पवन कुमार एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। इन लोगों ने बताया कि विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि उक्त दुकान पर मिलावटी मावा और दूध का उपयोग कर खाद्य सामग्री तैयार की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित के अनुसार इस प्रकरण से पुलिस पूरी तरह अनभिज्ञ है।

# निगम के सभी वार्डों में जाएंगे अफसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोगों की बिजली, पानी, पथ प्रकाश, सफाई, सड़क व नाला-नाली निर्माण आदि समस्याओं का समाधान कराने के लिए नगर निगम के आला अफसर 4 जून से 9 जुलाई तक वार्ड-वार्ड घूमेंगे। ताकि समस्याओं का सुगमता व शीघ्रता से निस्तारण किया जा सके। नगरायुक्त ने इस कार्य के लिए निगम के आला अफसरों की तीन टीमों का गठन किया है। टीम वन का नेतृत्व स्वयं नगरायुक्त शिपू गिरि करेंगे।

अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि शहर के सभी 70 वार्डो में रोस्टर के अनुसार निगम अधिकारियों की टीमे जायेंगी और वार्ड में किसी एक स्थान पर कैंप लगाकर जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय लोगों से समन्वय बनाते हुए बिजली, पानी, सफाई, पथ प्रकाश, सड़क व

**4 जून से 9 जुलाई तक लगाये जाएंगे कैम्प, सुनी जाएंगी समस्याएं**

नाला-नाली निर्माण आदि कार्यो की जानकारी लेकर उनके शीघ्रता से निस्तारण का प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि वार्डो में सामान्य कार्य दिवसों में कैंप लगाकर समस्याओं के निस्तारण का यह अभियान 4 जून से शुरु होकर 9 जुलाई तक चलेगा।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि हर रोज तीन वार्डो में सुबह साढेे 10 बजे से साढे 11 बजे तक कैंप आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक वार्ड में अधिकारियों की अलग-अलग टीम पहुंचेगी। नगरायुक्त द्वारा गठित अधिकारियों की तीन टीमों में टीम-1 का नेतृत्व स्वयं नगरायुक्त शिपू गिरि, टीम-2 का नेतृत्व अपर नगरायुक्त प्रथम प्रदीप कुमार यादव व टीम-3 का नेतृत्व अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय करेंगे। टीमें इस प्रकार रहेंगी- टीम-1 में नगरायुक्त शिपू गिरि, मुख्य अभियंता बी के सिंह, जीएम जल-पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह व मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता रहेंगी। टीम-2 में अपर नगरायुक्त प्रथम प्रदीप कुमार यादव, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी शामिल रहेंगी। टीम-3 में अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार, सहायक अभियंता जलकल ओमप्रकाश, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व कर अधीक्षक सुधीर शर्मा शामिल रहेंगे।

# कैडेट्स को पढ़ाया अनुशासन का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जनता इंटर कॉलेज एनसीसी मेरठ की 83वीं बटालियन के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण मे कमांडेंट कर्नल नविंदर सिंह मान ने कैडेटों को पीटी तथा परेड की सलामी लेते हुए उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाया।

उन्होने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करने के बाद कड़े परिश्रम से उच्च पदों पर नियुक्त होकर देश सेवा कर सकते हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल तनय कोटियाल ने कैडेटों को कहा कि अपने अंदर नेतृत्व करने के गुण होने चाहिए ताकि आने वाली जीवन की सभी कठिनाइयों स्वत: ही दूर हो जाए। लेफ्टिनेंट सुधीर कुमार ने कहा कि देश का एक सफल व कुशल जिम्मेदार नागरिक होने का हमें गर्व होना चाहिए। हवलदार जसवीर सिंह ने सभी कैडेटों को हथियारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। शिविर में कैंप के एडजुटेंट कैप्टन शिवकुमार कटारिया, कैंप क्वार्टर मास्टर कैप्टन सुभाष चंद्र, जेसीओ यू बहादुर, सूबेदार विकास राणा, नक्षत्र सिंह, हवलदार सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

### ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल से जुड़े व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की विसंगतियों के विरोध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष नरेश गोयल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष नरेश गोयल ने बताया कि संगठन ने खाद्य सुरक्षा मानकों, पंजीकरण सीमा, दंड और अदालती प्रक्रियाओं से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए अधिनियम में संशोधन किया जाना आवश्यक है।

# कॉम्पलैक्स मालिक के विरुद्ध व्यापारियों की हुंकार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** घंटाघर भगत सिंह मार्ग के निकट जेपी कम्पलेक्स के सभी व्यापारियों ने परिसर के मालिक के विरुद्ध अपनी सभी दुकानें बंद करके धरना प्रदर्शन किया।

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने कहा व्यापारियों के हित की लड़ाई के लिए वह कभी पीछे नहीं हटते और ना हीं हटेंगे। वह व्यापारियों के सभी सुख-दुख में उनके भागीदार हैं उनके खिलाफ होने वाले किसी भी अन्याय का डटकर के विरोध करेंगे। उन्होंने परिसर के मालिक को भी अपने संबोधन में संद. ेश दिया कि परिसर मालिक स्वयं भी व्यापारी हैं, उन्हें भी व्यापारियों के हितों का ध्यान रखना चाहिए और अच्छे सम्बंध रखते हुए मिलजुल कर व्यापार बढ़ाने के लिए व्यापार करने के लिए सकारात्मक प्रयास करना चाहिए, न की अपने परिसर में स्थित दुकानदारों का उत्पीड़न करना चाहिए। वरिष्ठ महामंत्री स. सुरेंद्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि जब कोर्ट द्वारा किराया बढ़ाने के आदेश आ गए और निर्णय व्यापारियों के हक में आ गया तो उसके बावजूद भी अलग-अलग तरह से व्यापारियों को परेशान करना परिसर मालिक को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल जेपी परिसर के व्यापारियों की नहीं सहारनपुर के सभी व्यापारियों की लड़ाई बनेगी। महानगर महामंत्री पुनीत चौहान एवं कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी ने कहा कि अभी कुछ समय पूर्व व्यापार मंडल ने नगर निगम की मनमानी के विरुद्ध एक व्यापक आंदोलन चलाया था जिससे नगर निगम बैक फुट पर आया। धरना प्रदर्शन में संरक्षक सुरेन्द्र क्वात्रा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बाठला, प्रधान राजेश तनेजा, उपाध्यक्ष नीरज बंसल, महामंत्री सचिन खुराना, मन्त्री राजीव नारंग, युवा अध्यक्ष रविन्द्र मानकटला, युवा मंत्री साहिल नारंग, युवा अध्यक्ष आशीष भारती, मंत्री गगन अरोडा, अनिल ठकराल, दीपक पाहवा, अकिंत नारंग, सुमित खुराना, राकेश नारंग, प्रेम क्वात्रा, जिमी बाठला, अनमोल बाठला, कृष्ण लाल भारती, गौरव भारती, सौरभ भारती, राजू बाठला, राजू छाबडा आदि उपस्थित रहे।


# सम्पादकीय

मंगलवार, 3 जून 2025

## सीडीएस की साफगोई

चार दिनों तक भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प में सरकार की तरफ से अभी तक इस बात का कोई माकूल जवाब नहीं आया कि उस संघर्ष में हमारे भारतीय लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, लेकिन भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में उन अटकलों को और हवा दे दी कि यह जरूरी नहीं है कि विमान गिराया गया है या नहीं जरूरी यह बात है कि ऐसा क्यों हुआ और उससे हमने कितनी जल्दी सीखा। अनिल चौहान सिंगापुर के इस समय दौरे पर हैं और वह वहां शांगरी ला डायलाग में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। उन्होंने बुलु मर्ग टीवी और राइटर्स को दो अलग-अलग इंटरव्यू दिए। जिसमें उनसे भारत-पाक के बीच सैन्य झड़प को लेकर सवाल पूछे गए। इसमें एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि इस संघर्ष में कम से कम एक जेट गिराया गया था, क्या यह सही है। अनिल चौहान ने इसे बिल्कुल गलत बताया और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह पाक छह लड़ाकू विमान गिराने की बात कर रहा है वह पूरी तरह गलत है। अनिल चौहान का यह भी कहना था कि जेट क्यों गिरे, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण यह है कि वहां हमने क्या किया, यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। उनसे पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती कह चुके हैं कि युद्ध में नुकसान तो होता ही है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। हमें अपने उद्देश्य देखने होंगे। सवाल यह है कि सरकार इस पूरे मसले पर क्यों कननी काट रही है, क्योंकि दस मई को हुए सीज फायर के बाद देश के भीतर यह सवाल बराबर उठ रहा है कि चार दिन तक चले संघर्ष में हमें कोई नुकसान हुआ या नहीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेता यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं कि उस लड़ाई में हमारे कितने विमान काम आए। सरकार इस सवाल से बराबर कननी काट रही है और इशारा देती रही है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब सीडीएस सिंगापुर में जाकर अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, नुकसान की बात स्वीकार करते हैं। जहां तक बात पाकिस्तान की है वह शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि उसने भारत के छह राफेल विमान गिराए हैं। जाहिर सी बात है कि प्रोपेगंडा युद्ध में किसी की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और पाक जैसे देश पर तो बिल्कुल भी नहीं। असल सवाल यह है कि आखिर सरकार देश व जनता को पाक के साथ संघर्ष में जो सही वस्तु:स्थिति है उसे बताने से क्यों कतरा रही है। युद्ध में नुकसान होना कोई नई बात नहीं है और न ही यह कोई अपमानित होने का मामला है। हर कोई जानता है कि संघर्ष में जोखिम तो रहता ही है। असल चीज अपना मकसद होता है। अगर कुछ कीमत चुकाकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें, तो वह सफलता ही कही जाएगी और पाक के साथ हम पूरी तरह अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जो बातें उन्होंने जाकर सिंगापुर में कही वह अपने देश में ही कहनी चाहिए थीं और हमारे पत्रकारों को ही उनसे सवाल करने चाहिए थे न कि विदेशी पत्रकारों को।

## राजनीतिक वफादारी का आकलन दुखद



भारत जब आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, यह दुखद है, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है, भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है, हम कई पार्टियों से हैं, हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं, हम भारत के कई धर्मों से हैं, अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है, तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं , भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं।

**-सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें





ललित गर्ग

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जाएगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गई है? यह प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फलस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनियाभर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है, लेकिन हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनियाभर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नई बन रही विश्व संरचना के लिए गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिए जागरूकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पाई गई। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हंसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहां तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है। इन क्रूर एवं अमानवीय स्थितियों का मासूम बच्चों पर भारी दुष्प्रभाव पड़ता है और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त दुनिया की कल्पना कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. आरिया उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. आरिया के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वक्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. आरिया बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आरिया आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हीड हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**इन कारणों से होता है सिरदर्द**

- हीट रिलेटेड डिजीज
- डिहाइड्रेशन
- अपर्याप्त नींद
- शराब का सेवन
- देर तक भूखा रहना
- सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण
- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक**

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4°C से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर**

आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है। इन दोनों का इलाज और बचाव के तरीके भी अलग-अलग होते हैं।

**बच्चों व बुजुर्गों में सिरदर्द कैसे पहचानें**

बच्चे और बुजुर्गों दोनों में गर्मी और डिहाइड्रेशन को बर्दाश्त करने की क्षमता कम होती है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। बच्चों में सिरदर्द के साथ चिड़चिड़ापन, सुस्ती, रोना और भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं बुजुर्गों में ज्यादा पसीना आना, कमजोरी और सिर भारी लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में सिर दर्द से बचने के लिए खूब पानी पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय बिलकुल भी धूप में नहीं निकलना चाहिए।

**उपाय**

- खूब पानी पिएं।
- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन के समय हैवी फिजिकल एक्टिविटी करने से बचना चाहिए।
- गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर आदि का इस्तेमाल करें।
- दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- अगर बाहर का काम है, तो बीच-बीच में ब्रेक लेना चाहिए।
- किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से फौरन संपर्क करें।

**सिरदर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**

- नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने के साथ डिहाइड्रेशन से राहत मिलती है।
- तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो रहा है, तो ठंडी और हवादार जगह पर जाएं।
- गीले तौलिए से या फिर आइस क्यूब को माथे पर रखने से सिरदर्द की समस्या से राहत मिल सकती है।
- सिरदर्द की समस्या होने पर किसी शांत और ठंडे कमरे में थोड़ी देर आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।
- इसके साथ ही डाइट में खीरा, तरबूज, सलाद और मौसमी फलों व सब्जियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर ठंडा रहता है।
- रोजाना अच्छी और गहरी नींद लें। क्योंकि नींद की कमी होने पर भी सिरदर्द ट्रिगर कर सकता है।

**सिरदर्द का कारण**

- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड्स का सेवन
- ज्यादा कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन
- ज्यादा मसालेदार और तलाभुना भोजन करना
- सिगरेट और शराब का सेवन
- आइस्क्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स
- तेज सिरदर्द होने पर क्या करें
- तेज सिरदर्द की समस्या होने पर फौरन ठंडी जगह पर जाएं और थोड़ी देर आराम करें। वहीं थोड़ी-थोड़ी देर में धीरे-धीरे पानी पीते रहें और माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। वहीं जरूरत के हिसाब से डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### ओवर द काउंट दवाएं

गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में कुछ ओवर द काउंट दवाएं आपको आराम दिला सकती हैं। हालांकि इसका नियमित सेवन करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

........................

### डॉक्टर की लें सलाह

वैसे तो अधिकतर मामलों में यदि व्यक्ति गर्मी से दूर हो जाता है या पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, तो समय के साथ सिरदर्द की समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन सिरदर्द यदि बहुत तेज हो रहा है और लगातार दर्द बना हुआ है। इसके साथ ही गर्दन में अकड़न, और तेज बुखार की समस्या देखने को मिलती है, तो आपको बिना देर किए फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है।**

# रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांति वार्ता एक घंटे में खत्म

## कैदियों की अदला-बदली पर सहमति, दोनों देश 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्की से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6000-6000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा: इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। 16 मई को इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच 4 पॉइंट पर बातचीत हुई।

- इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच दो घंटे बातचीत हुई थी
- यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा



### कैदी अदला-बदली:

16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी। जिसके बाद दोनों ने कैदी रिहा किए।

### सीजफायर:

यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिज्झिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

### शांति समझौता:

तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।

### क्षेत्रों पर नियंत्रण:

दोनों देशों के बीच सुरक्षा गारंटी और प्रतिबंधों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। रूस ने क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण की मांग की, जबकि यूक्रेन ने अपनी संप्रभुता की रक्षा पर जोर दिया।रूस ने माना- यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे।

## रूस ने 162 यूक्रेनी विमान मार गिराने का किया दावा

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया है, जिनमें से सबसे अधिक कुर्स्क क्षेत्र के ऊपर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि एक जून को मॉस्को को रात आठ बजकर 10 मिनट से दो जून को अपराह्न दो बजे तक की अवधि में वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 162 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुर्स्क क्षेत्र में 57 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 31 और लिपेत्स्क क्षेत्र में 27, वोरोनिश क्षेत्र में 16, ब्रांस्क और रियाज़ान क्षेत्रों में 11-11 ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा ओर्योल क्षेत्र में छह ड्रोन, क्रीमिया के क्षेत्र में दो और तांबोव क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया है।



नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल के साथ समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

### पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। मोदी ने कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है।

## इजरायल ने यमन की दागी मिसाइल को किया नष्ट

- 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गई मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं। इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है।

### लेबनान पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में रविवार शाम हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मारे गए सदस्य की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य मोहम्मद अली सरूर के रूप में हुई है, जो दक्षिणी लेबनान के मध्य क्षेत्र में स्थित ऐता अल-शाब गांव का निवासी था। यह हवाई हमला हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बावजूद हुआ।

## बदलाव: बांग्लादेश की करेंसी पर होंगी हिन्दू बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

### केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए

**ढाका।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है।

खान ने आगे कहा: नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटे के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें होंगी, जो बांग्लादेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं।



- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे

प्रसिद्ध बांग्लादेशी चित्रकार जैनुल आबदीन की कलाकृतियां, जो 1943 के बंगाल अकाल (ब्रिटिश शासन के दौरान) को दर्शाती हैं, नोटों पर होंगी। एक डिज़ाइन में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक शामिल है। नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल होंगे, जो बांग्लादेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करेंगे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी हासिल की, तब शुरुआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहल बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था।

## अमेरिका के कोलोराडो में इजरायल समर्थकों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में एक संदिग्ध ने फ्री फलस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव काकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव काकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फार देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजरायली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बान्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



- लोगों पर पेट्रोल बम फेंका आठ लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए

## जापान अमेरिकी टैरिफ में संशोधन की मांग जारी रखेगा: हयाशी

**टोक्यो।** जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापार टैरिफ की निंदा करता है और इसमें संशोधन की मांग जारी रखेगा।

हयाशी ने एक ब्रीफिंग में कहा हम उपायों के विशिष्ट विवरणों की बारीकी से निगरानी करेंगे, जिनका खुलासा भविष्य में किया जाएगा। अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला बेहद खेदजनक है और हम उनके संशोधन का आग्रह करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को चार जून से प्रभावी स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर टैरिफ में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। जापान ने शुल्क संशोधन पर अमेरिका के साथ पहले ही चार दौर की बातचीत की है। पिछले दौर के दौरान इन्होंने जून में फिर से मिलने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक के लिए मंच तैयार किया जा सके। टोक्यो ने अब तक सभी टैरिफ को पूरी तरह से हटाने पर जोर दिया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जापानी कार निर्माताओं के योगदान का हवाला दिया गया है, जिसमें लगभग 61 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश और 23 लाख नौकरियां शामिल हैं।

## लीबियाई सेना ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का खतरा

### 55% लोगों का मानना: विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं।

रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। सर्वे में शामिल 55 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76 प्रतिशत का मानना है कि वर्ल्ड वार में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा। यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि कई यूरोपीय देशों के नागरिकों में अपनी सेनाओं की रक्षा क्षमता पर भरोसा कम है। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। फ्रांस (72 प्रतिशत), जर्मनी (70 प्रतिशत) और ब्रिटेन (66 प्रतिशत) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 प्रतिशत है। 77 प्रतिशत फ्रांसीसी और 60 प्रतिशत जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52 प्रतिशत लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं। 60 प्रतिशत का मानना है कि अमेरिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। यह डर दिखाता है कि इतिहास की गलतियां दोहराने की आशंका अभी खत्म नहीं हुई है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82 प्रतिशत और अमेरिका के 69 प्रतिशत लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66 प्रतिशत ने नाटो और 60 प्रतिशत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति के लिए अहम माना 66 प्रतिशत लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना।

- लोगों को यह भी डर है, यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा

## हमास ने गाजा शांति वार्ता की इच्छा जताई

**गाजा/यरूशलम।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम पर अप्रत्यक्ष वार्ता तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वह युद्ध विराम समझौते के लिए कतर और मिस्र द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि वह 'दूसरे पक्ष' के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अप्रत्यक्ष वार्ता का एक दौर तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने कहा कि उसका वार्ता का उद्देश्य गाजा में 'मानवीय तबाही' को समाप्त करना, फलस्तीनी लोगों को राहत सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करना और गाजा पट्टी से इजरायली बलों की पूरी तरह वापसी के साथ एक स्थाई युद्ध विराम हासिल करना होगा। हमास की इस घोषणा के बारे में इजरायली पक्ष की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इजरायली सेना बल प्रमुख इयाल ज़मीर ने गाजा पट्टी के दक्षिणी और उत्तरी दोनों हिस्सों में अतिरिक्त क्षेत्रों में जमीनी अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

